दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। शनिवार 23 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 91 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

कातिल हसीना : सौरभ की हत्या करके मुस्कान-साहिल ने मनाई थी होली

बांहों में बांहें डाल लगाया था रंग, पुलिस ने शिमला-कसोल से जुड़े साक्ष्य जुटाए

मेरठ। सौरभ की हत्या करने के बाद मुस्कान और उसका प्रेमी साहिल शुक्ला शिमला और कसोल चले गए थे। काफी दिन तक घूमकर मौज-मस्ती की। कसौल में ही दोनों ने होली खेली। एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें दोनों रंगे हुए नजर आ रहे हैं।

तीन मार्च को पति सौरभ की हत्या करने के बाद मुस्कान और उसका प्रेमी साहिल शुक्ला हिमाचल के कसोल में पहुंचे थे। जहां उन्होंने होली पर जश्न मनाया है। सोशल मीडिया पर मुस्कान और साहिल शुक्ला का 13 मार्च को जश्न मनाने का वीडियो वायरल हो गया है। इसमें मुस्कान काफी खुश दिखाई दे रही है। इसको लेकर ब्रह्मपुरी में अलग-अलग चचाएं शुरू हो गई हैं। वहीं, पुलिस शिमला और कसोल से जुड़े साक्ष्य भी जुटाएगी। आरोपी कहां-कहां रुके, इसको भी केस डायरी में शामिल करेगी। इसके लिए एक टीम जल्द कसोल और शिमला के लिए रवाना होगी। वहां से सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस कब्जे में लेगी।

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि हत्या करने के बाद दोनों शातिर 54 हजार रुपये की कैब बुक करके हिमाचल चले गए। वहां पर शिमला और कसोल में घूमे। वहां किस-किस होटल में कितने दिन बिताए, कहां-कहां घूमे, इन बिंदुओं पर भी पुलिस जांच कर रही है। एक टीम शामली भी जाएगी। वहां से साक्ष्य जुटाने के बाद विवेचना में शामिल करेगी। वहीं दूसरी ओर डीआईजी कलानिधि नैथानी ने भी जल्द चार्जशीट दाखिल कर आरोपियों को सजा दिलाने के निर्देश ब्रह्मपुरी पुलिस को निर्देश दिए हैं।

मुस्कान का एक व्हाटसएप ऑडियो कॉल भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मेरठ में पति सौरभ का कत्ल करके अय्याशी करने शिमला गई मुस्कान रस्तौगी ने बॉयफ्रेंड साहिल शुक्ला के लिए वहां केक मंगवाया था। मुस्कान ने ये केक अपने कैब ड्राइवर से आधी रात को मंगवाया। कैब ड्राइवर ने पुलिस को सबकुछ बता दिया है। इस ऑडियो में मुस्कान कैब ड्राइवर को कह रही है कि भैया आप न मुझे एक केक कही से भी ले आना। कॉल मत करना, मैसेज में ही बता देना मिला या नहीं। केक लेकर आप हमारे रूम पर आ जाना और कहना कि यह मेरा सामान है इसे रख लो, मैं कल सुबह इसे ले लूंगा। बस आपको इतना करना है।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने शनिवार को दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता से मुलाकात की। यह मुलाकात दिल्ली मेरठ हाई-वे पर हुई। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर बरेली से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान दोनों की ये मुलाकात हुई और संपादक मनोज गुप्ता ने कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर का स्वागत किया।

कलैक्ट्रेट सभागार में दिशा की बैठक में रखे जनप्रतिनिधियों ने विकास के मुद्दे

सांसद अतुल गर्ग की अध्यक्षता में हुई तीसरी बैठक आयोजित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की अध्यक्षता में दिशा की तीसरी बैठक शनिवार को कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस बैठक में अलग-अलग विभागों के अधिकारी मौजूद थे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग मौजूद थे। बागपत के लोकसभा सांसद डॉ राजकुमार सांगवान मौजूद थे। विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सभी ने अपने-अपने क्षेत्र से जुडे विकास के मुद्दे रखे।

जब फटे कुर्ते के साथ ली विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने एन्ट्री तो खड़े हो गये अपने-अपने स्थान से सभी अधिकारी

करंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर इन दिनों सुर्खियों में हैं। शनिवार को जब दिशा की बैठक थी जब इस बात को लेकर चर्चा थी कि विधायक नन्द किशोर गुर्जर आयेंगे, या नहीं आयेंगे। उनका मामला हाईलाईट हो रहा है और जब लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने अपने फटे हुए कुर्ते के साथ एन्ट्री ली तो अधिकारी अपनी-अपनी सीटों से खड़े हो गये। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने जब कलैक्ट्रेट के सभागार में प्रवेश किया तो उन्होंने अपने फटे हुए कुर्ते के ऊपर भगवा चादर लपेट रखी थी। उनका इस तरह से दिशा की बैठक में आना सुर्खियों में रहा। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर दिशा की बैठक में आये और शहर विधायक संजीव शर्मा के बराबर वाली कुर्सी पर बैठ गये। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने उन्हें तुलसी का पौधा भेंट किया। इसके बाद लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने एक कागज में अपने लिखे प्रस्तावों को सांसद अतुल गर्ग को दिया और चले गये। दैनिक करंट क्राइम ने लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर से बात की और जाना कि आखिर उस पर्चे में ऐसा

क्या था। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि उन्होंने अपने क्षेत्र में बांग्लादेशियों का मुद्दा उठाया है और दिल्ली सहारनपुर हाई-वे की समस्या के समाधान के लिए लिखा है। उन्होंने कहा कि जीडीए ने लोनी में कुछ अच्छे काम भी किये हैं लेकिन लोनी में अवैध कॉलोनियों को रोके जाने की जरूरत है। इसके बाद उन्होंने उस पेपर के रहस्य को अनफोल्ड किया जो उन्होंने फोल्ड करके सांसद अतुल गर्ग को दिया है। उन्होंने बताया कि तीन पेज में उन्होंने अपनी विधानसभा क्षेत्र में विकास के प्रस्ताव सांसद अतुल गर्ग को दिये हैं। इनमें वह प्रस्ताव भी हैं जो पहले की दिशा बैठक में तय हुए हैं।

मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने रखा क्षेत्र का मुद्दा

करंट क्राइम। दिशा की बैठक में मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी भी मौजूद थे। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने इस बैठक में अपनी विधानसभा क्षेत्र में डम्पिंग ग्राउंड का मुद्दा रखा। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र की जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा विधायक अजीत पाल त्यागी ने मुरादनगर क्षेत्र में देहात की सड़कों की स्थिति का मामला उठाते हुए कहा कि देहात क्षेत्र में सड़कों के चौड़ीकरण और निर्माण की आवश्यकता है। उन्होंने अपनी विधानसभा के शहरी क्षेत्र की कई समस्याओं को भी बैठक में रखा और इन समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान की मांग भी की।

जब अधिकारियों के गैरहाजिर होने पर नाराजगी जताई सांसद अतुल गर्ग ने

करंट क्राइम। दिशा की बैठक महत्वपूर्ण होती है और इस बैठक की रूपरेखा पहले से तय होती है। शनिवार को जब दिशा की बैठक में कई अधिकारी गैरहाजिर रहे और कई अधिकारियों ने अपने स्थान पर अन्य अधिकारियों को भेजा तो लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अधिकारियों के इस रवैये पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कई अधिकारी इस बैठक में नहीं आये हैं। हम प्रिविलेज कमेटी में इसकी शिकायत करेंगे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की बात को बागपत के लोकसभा सांसद डॉ राजकुमार सांगवान ने भी उचित बताया। उन्होंने भी दिशा की बैठक में अधिकारियों के ना आने की शिकायत की और कहा कि कई बार कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अधिकारियों के ना आने से भी फर्क पड़ता है।

शहर विधायक संजीव शर्मा ने जल निगम की टंकी से लेकर वार्डों की सीवर लाईन के मुद्दे को उठाया

करंट क्राइम। शहर विधायक संजीव शर्मा के कार्यकाल में दिशा की पहली बैठक हुई। अपनी पहली बैठक में शहर विधायक संजीव शर्मा ने अपनी विधानसभा के कई मुद्दों को रखा। उन्होंने जल निगम की पांच टंकियों का मामला उठाया। इसके अलावा उन्होंने वार्ड संख्या- 1, 2,7 और 27 में बंद सीवल लाईन का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अगर इन वार्डों की ये सीवर लाईन चालू हो जायेगी तो क्षेत्र के लोगों को सुविधा होगी। शहर विधायक संजीव शर्मा ने डूडाहेडा गांव में तालाब के सौन्दर्यीकरण की बात रखी। उन्होंने क्रासिंग रिपब्लिक क्षेत्र में लगने वाले ट्रेफिक जाम से मुक्ति का सुझाव दिया। यदि यहां नाले को ढक कर उसका चौड़ीकरण दिया जाये तो यह ठीक रहेगा। उनके इस प्रस्ताव पर मुहर भी लगी।

गाजियाबाद के विकास को लेकर अतुल गर्ग ने दोहराया अपना संकल्प

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के सांसद कार्यकाल में यह तीसरी बैठक थी। गाजियाबाद के विकास के विजन को लेकर अतुल गर्ग पूरी तरह संकल्पित नजर आये। उन्होंने कहा कि जो भी विकास के प्रस्ताव हैं हम सभी जनप्रतिनिधि इन्हें लेकर 27 मार्च को एनसीआर बोर्ड की बैठक में भी जायेंगे। वहां इन प्रस्तावों को रखेंगे। विकास के विजन पर अपनी राय रखते हुए लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि कमला नेहरूनगर की जमीन पर सरकारी कार्यालय बनाये जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भले ही यह जमीन केन्द्र सरकार की जमीन है लेकिन हम सरकार से बात करके इसे सरकारी कार्यालयों के लिए आवंटित करायेंगे। शहर में आबादी बढ़ रही है, यातायात का दबाव बढ़ रहा है। ऐसे में अगर सरकारी विभाग एक ही स्थान पर बना दिये जायेंगे तो जनता को भी आसानी होगी और शहर से भी दबाव कम होगा। उन्होंने कहा कि हम रेलवे स्टेशन के आधुनिकिकरण को लेकर काम कर रहे हैं। दिल्ली जैसा सुपर स्टेशन गाजियाबाद में भी बनेगा।

जब सांसद अतुल गर्ग ने कहा विकास के लिए 250 करोड़ की व्यवस्था करायेंगे हम

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग शनिवार को अपने संसदीय जिले गाजियाबाद की विकास के विजन के पूरे नक्शे के साथ मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जिले को मॉडल जिला बनाना है और वो इसके प्रस्ताव तैयार करा रहे हैं। बैठक में मुख्य रूप से हिंडन रिवर फ्रंट पर जोर दिया गया है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने अधिकारियों से कहा कि इसके लिए 700 करोड़ रूपये की जरूरत बताई गई है जिसमें से 250 करोड़ रूपये की व्यवस्था उत्तर प्रदेश सरकार से कहकर करायेंगे। उन्होंने एक विकल्प देते हुए बताया कि 60 करोड रूपये सरकार दे सकती है और बाकी का लोन लंबी अवधि के लिए हो सकता है। सांसद अतुल गर्ग ने भाटिया मोड ऐलीवेटिड रोड को लेकर कहा कि इस काम को जल्द ही शुरू कराया जाना है और अब ये तय हो जाना है कि इसे राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण बनायेगा या लोक निर्माण विभाग तैयार करेगा।

शहर विधायक संजीव शर्मा ने उठाया गरीबो के आवास का मामला

करंट क्राइम। शहर विधायक संजीव शर्मा ने दिशा की बैठक में गरीबों के लिए बनाये जाने वाले मकानों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि जीडीए और आवास विकास परिषद द्वारा क्रासिंग और सिद्धार्थ विहार में बिल्डर फ्लैट बनाये गये। इनमें ईडब्लूएस मकानों का निर्माण नहीं हो रहा है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने इस मामले में कार्यवाही की मांग की कि पूरे मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईडब्लूएस मकानों को देने की क्या प्रक्रिया है। इसका आवंटन किस तरह से होता है और जिन लोगों को भवन आवंटित किये गये हैं उनकी सूची जनप्रतिनिधियों को भी दी जानी चाहिए। शहर विधायक संजीव शर्मा ने इसके अलावा डूडाहेडा में शमशान घाट का मुद्दा भी उठाया।

वायु-जल प्रदूषण पर लगे रोक

करंट क्राइम। सांसद अुल गर्ग ने वायु-जल प्रदूषण एवं गंदगी के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए इसके निस्तारण हेतु विस्तार से जानकारी ली। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि जींस रंगाई फैक्ट्रियों द्वारा कलर और केमिकल वाला दूषित जल डायरेक्ट भूगर्भ में डाला जा रहा है। इस पर सांसद अतुल गर्ग ने कहा कि जल एवं भूगर्भ जल को दूषित करने वालों के खिलाफ टीम बनाकर अभियान चलाया जाएं और सख्त से सख्त कार्यवाही की जायें। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि कूड़ा निस्तारण हेतु जल्द ही वेस्ट एनर्जी प्लांट लगाया जा रहे हैं, जिससे की अधिकांश कूड़े का निस्तारण हो जायेगा। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी क्षेत्र में कुछ जगहों पर रात्रि के समय तार जलाई जाती हैं जिसे रोकना आवश्यक है। बैठक में आदेश दिये गये कि उक्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायें।

बैठक में इन अधिकारियों की रही उपस्थिति

करंट क्राइम। बैठक में एडीएम ई रणविजय सिंह, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, डीआईओ योगेद्र प्रताप सिंह, जिला नगरीय विकास अभिकरण (पी0ओ0-डूडा)/अधीक्षण अभियन्ता, आवास विकास परिषद परियोजना अधिकारी जिला नगरीय विकास अभिकरण (पी0ओ0-डूडा), क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नगर निगम, अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता (नोडल अधिकारी अमृत) अतिरिक्त निर्माण इकाई-प्रथम जल निगम/मुख्य अभियन्ता, जल निगम/अधिशासी अभियन्ता, यमुना प्रदूषण नियंत्रण इकाई, अधिशासी अभियन्ता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास), जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस उपायुक्त क्राइम, उपायुक्त श्रम, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन, उपायुक्त जिला उद्योग केन्द्र/जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निवन्धक सहकारी समिति, उप निदेशक मंडी/मंडी सचिव, जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रतिनिधि भारत संचार निगम लि0, गौरव चौधरी, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर, सी0एस0सी0 2.0, जिला खनिज अधिकारी, उपायुक्त स्वत: रोजगार, निदेषक, रूडसेटी, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला उप क्रीडा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उप निदेशक कृषि सहित अन्य अधिकारी व प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

सांसद अतुल गर्ग और मेयर सुनीता दयाल के बीच दिखाई दी गजब ट्यूनिग

करंट क्राइम। दिशा की बैठक में राजनीति की दो दिशाओं के बीच भी ट्यूनिंग का कनेक्शन दिखाई दिया। इस ट्यूनिंग को लेकर बैठक के बाद तक भी अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों में चर्चा रही। चर्चा का विषय भी यह था कि बैठक पहले भी हुई हैं लेकिन एक दूसरे के मुद्दों पर सुर में सुर पहली बार मिले हैं। इस बैठक में लोकसभा सांसद अुतल गर्ग और मेयर सुनीता दयाल के बीच जबरदस्त ट्यूनिंग दिखाई दी। कई मुद्दों पर दोनों के बीच परस्पर सहमति दिखाई दी। प्रस्तावों से ज्यादा ट्यूनिंग की चर्चा बैठक के बाहर तक सुनाई दी।

शहर में बनी अवैध झुग्गियों में रहने वालों की होगी जांच

करंट क्राइम। महापौर नगर निगम ने बताया कि जनपद में पिछले कुछ समय से लोगों द्वारा सड़कों के किनारे सहित खाली स्थानों एवं खेतों में झुग्गियां, बस्तियां बनाई जा रही है जो कि यहां के निवासी नहीं लगते हैं। आने वाले समय में कोई अप्रिय घटना ना घटे, इसके लिए उक्त लोगों की जांच होनी आवश्यक हैं। साथ ही अवैध झुग्गियों को हटाने का कार्य भी करना चाहिए, जिससे कि शहर का सौंदर्यकरण प्रभावित ना हो सके। इनमें पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध करायें जाने चाहिए।

'नमक स्वादानुसार, अकड़ औकातानुसार'

साहिल के मिजाज में शुरू से ही बदमाशी, कमरे में मिली अजीबोगरीब चीजें

मेरठ। सौरभ हत्याकांड को लेकर हर तरफ चर्चा हो रही है। प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने पति को मौत के घाट उतार दिया और फिर शव के टुकड़े-टुकड़े कर ड्रम में डालकर ऊपर से सीमेंट को घोल डाल दिया। जिससे किसी को भी इस बारे में पता न चल सके। अब इस मामले में साहिल के लेकर खुलासा हुआ है। जिसने भी साहिल का कमरा देखा वह हैरान रह गया।

साहिल बहुत शातिर है। वह व्हाट्सएप पर अक्सर बदमाशी वाले स्टेटस लगाना पसंद करता है। घर के प्रथम तल पर बने कमरे पर भी उसने गेट पर बड़ा पोस्टर लगा रखा है। इसमें लिखा है कि नमक स्वाद अनुसार और अकड़ औकात अनुसार। यह पोस्टर भी सोशल मीडिया पर साहिल का वायरल हो रहा है। इसके अलावा उसने दीवारों पर भगवान के पोस्टर भी लगा रखे हैं। उसने एक युवती की पेंटिंग भी बनाकर कमरे में रखी हुई है, जिसमें युवती एकांत में बैठी हुई है, एक युवक उससे मिलने के लिए रस्सी पकड़कर नीचे उतरता हुआ आ रहा है। एक बिल्ली भी आरोपी ने पाल रखी है।

साहिल के कमरे में कई सारी बीयर की बोतल भी पुलिस की टीम को रखी हुई मिली। उसने हत्या करने से पहले और बाद में भी बीयर पी। पुलिस ने बीयर की बोतलों को भी कब्जे में ले लिया है।

डॉक्टर ने अपने पर्चे में नहीं लिखी नींद की दवा

सौरभ की हत्या के मामले में आरोपी मुस्कान और साहिल शुक्ला को जेल भेजने के बाद पुलिस ने अपनी विवेचना शुरू कर दी है। जिस डाक्टर के पर्चे पर नींद की गोली ली थी, उस डाक्टर के बयान लेने के लिए ब्रह्मपुरी पुलिस क्लीनिक पर पहुंची। यहां डाक्टर दंपती ने नींद की गोली नहीं देने की बात कही। पुलिस का मानना है कि मुस्कान ने गूगल पर सर्च करके नींद का इंजेक्शन मेजोलम डाक्टर के पर्चे पर लिखकर बाजार से ले लिया। ऐसा भी संभव है। इसके अलावा खैरनगर में मेडिकल स्टोर संचालक, घंटाघर से जहां से ड्रम खरीदा उनके भी बयान पुलिस दर्ज कर लिए हैं। पुलिस वहां की सीसीटीवी फुटेज लेने की भी बात कह रही है।

निवाड़ी फोरेंसिक लैब आज भेजे जाएंगे मोबाइल

मुस्कान और साहिल स्नैप चैट पर बातचीत किया करते थे। ऐसे में उन्होंने स्नैप चैट से अपनी चैटिंग भी डिलीट कर दी थी। उन सब डाटा को रिकवर कराने के लिए फोरेंसिक लैब निवाड़ी में मृतक और दोनों आरोपी के मोबाइल भेजे जाएंगे। फोरेंसिक लैब की रिपोर्ट को भी पुलिस विवेचना में शामिल करेगी।

साहिल के कमरे के गेट पर नमक स्वाद अनुसार और अकड़ औकात अनुसार सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। चर्चा है कि साहिल के मिजाज में शुरू से ही बदमाशी है, इसलिए वह सोशल मीडिया पर भी तरह-तरह के बदमाशी दिखाने वाले स्टेटस लगाता है। आसपास के लोग भी साहिल के कमरे में पहुंचकर वहां की वीडियो बना रहे थे, पुलिस ने जांच पूरी नहीं होने के चलते उसका कमरा फिलहाल सील कर दिया ताकि उसके कमरे में कोई घुस न सके। उसके कमरे का भी नक्शा बनाया गया है।

एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया, कमरे में साहिल सौरभ का सिर काटकर ले गया था। उसके कमरे का भी नक्शा बनवाया गया है। फोरेंसिक टीम ने भी जांच की है। फिलहाल कमरे को सील कर दिया गया है।

शारदा रोड से खरीदे मुर्गा काटने वाले दो चाकू

मुस्कान ने मुर्गा काटने वाले दो चाकू शारदा रोड से लिए। वहां भी पुलिस बयान दर्ज कर लिए हैं। इसके अलावा खैरनगर से नींद की गोली और इंजेक्शन बेचने वाले दवा विक्रेता भी बयान दर्ज कर लिए हैं। ड्रम घंटाघर से लिया था, पुलिस की कोशिश है वहां के बयान लेने के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज भी मिल जाए ताकि साक्ष्य मजबूत हो जाए। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अब साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जिस डाक्टर से मुस्कान ने डिप्रेशन बताकर पर्चे पर गोली लिखवाई थी, उस डाक्टर के बयान दर्ज किए गए हैं। डाक्टर ने नींद की गोली नहीं लिखने की बात कही है। ऐसे में माना जा रहा है कि गूगल पर देखकर डाक्टर के पर्चे पर खुद मुस्कान ने नींद की गोली लिखी हो। मेडिकल स्टोर जहां से दवाई ली और ड्रम खरीदा, उनके भी जल्द बयान लिए जाएंगे। जल्द केस को ट्रायल पर लाने की बात भी एसपी सिटी ने कही।

कातिल मुस्कान : हत्या के बाद पेशेवर अपराधियों की तरह बेखौफ थे दोनों, चेहरे पर जरा भी न था कानून का खौफ

मेरठ। मेरठ में हुए सौरभ के कत्ल की दिल दहलाने वाली वारदात से हर कोई हैरत में है। मुस्कान और साहिल के पड़ोसियों को तीसरे दिन भी यकीन नहीं हो रहा कि ये दोनों इतनी बड़ी वारदात को अंजाम देंगे। वहीं इस हत्याकांड की चर्चा पूरे शहर में होती रही। सोशल मीडिया पर भी सौरभ हत्याकांड छाया रहा। देश भर के लोग यहां शहर से रहने वाले अपने परिचितों और रिश्तेदारों से इस हत्याकांड के बारे में जानकारी लेते रहे। शुक्रवार को कई वीडियो वायरल हुए जिनमें आरोपियों से जुड़े कई राज सामने आए।

पति की हत्या कर मनाली में मनाया प्रेमी का जन्मदिन : आज एक कैब ड्राइवर ने व्हाटसएप ऑडियो पुलिस को सौंपा तो खुलासा हुआ कि पति सौरभ की हत्या के बाद मुस्कान ने प्रेमी साहिल का बर्थडे सरप्राइज प्लान किया था। साहिल को केक खिलाते हुए वीडियो भी वायरल हुआ तो वहीं कसोल के पब के वीडियो भी वायरल हुए।

पब में बेखौफ होकर किया डांस : साहिल और मुस्कान का कसोल के एक पब से वीडियो वायरल हुआ जिसमें दोनों अपराध से बेखौफ डांस करते हुए और झूमते हुए नजर आ रहे हैं। इन वीडियोज में मुस्कान जहां डांस करते हुए सेलफी ले रही है तो वहीं साहिल नशे में चूर खुले बालों में झूमता नजर आ रहा है।

मुस्कान के चेहरे पर दिखी बेफिक्री की मुस्कान : 13 मार्च का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें साहिल और मुस्कान होली के रंग में रंगे हुए हैं और रील बना रहे हैं। इस वीडियो मुस्कान मुस्कुरा रही है तो साहिल हाथ से अलग अलग इशारे करता दिखा।

पति की हत्या कर प्रेमी संग लिया स्नोफॉल का आनंद : एक वीडियो में आरोपी मुस्कान स्नोफॉल के दौरान मनाली की वादियों में घूमती नजर आ रही है। इस दौरान उसने काले रंग की जैकेट पहनी है और वह बर्फ में चल रही है।

इन सभी वीडियोज में दोनों आरोपी सौरभ राजपूत की जिंदगी का खात्मा कर जश्न के नशे में चूर पुलिस और कानून के खौफ से बेखौफ नजर आ रहे हैं। उनके चेहरे पर हत्या और अपराध को लेकर जरा भी शिकन नहीं आया।

पेशेवर अपराधियों की तरह दोनों आरोपी हत्या के बाद पूरी तरह एन्ज्वाय करते नजर आए। मुस्कान हर वीडियो में हंसती और मुस्कराती हुई दिख रही है। उसे पति की मौत को जरा भी गम नहीं था।

मुस्कान और साहिल ने अय्याशी में बहाया सौरभ का पैसा

शिमला जाने के लिए 54 हजार रुपये में बुक की कैब

पहले खेली खून की होली, फिर रंगीन होली

मेरठ। सौरभ के दोस्त के बैंक खाते से लाखों रुपये की आनलाइन ठगी हो गई थी, जिसके बाद से सौरभ अपने बैंक खाते को लेकर सजग हो गया था। उसने अपना बैंक खाता खाली कर लिया था।

एसपी सिटी ने बताया कि सौरभ को लगा कि उसके खाते में छह लाख रुपये की रकम है, कहीं ठगी न हो जाए। उसने अपने बैंक खाते से रकम निकाल ली थी, जिसमें से कुछ रुपये तो अपने परिजनों को दे दिए थे, जबकि एक लाख रुपये अपनी पत्नी को दिए। इसके अलावा बाकी पैसे अपने दोस्त के पास रखवा लिए थे। पुलिस सौरभ के बैंक खाते के बारे में भी जानकारी कर रही है।

मुस्कान और साहिल ने शिमला जाने के लिए 54 हजार रुपये में कैब बुक की थी। शिमला के बाद दोनों मनाली और फिर कसोल चले गए थे। एसपी सिटी ने बताया कि एक लाख रुपये जो मुस्कान को सौरभ ने दिए थे, वह सब रुपये शिमला में मुस्कान खर्च कर आई। जब रुपये खत्म हो गए तब दोनों मेरठ आ गए।

शिमला में पति-पत्नी बनकर लिया था कमरा : शिमला में मुस्कान और साहिल ने खुद को पति पत्नी बताकर होटल में कमरा लिया था, क्योंकि बिना पति-पत्नी के होटल में कमरा नहीं मिल रहा था।

पुलिस को गुमराह करने के लिए ऐसे बनाई मुस्कान ने कहानी : पुलिस को गुमराह करने के लिए मुस्कान ने सोमवार को मेरठ पहुंचकर नई कहानी तैयार की। एसपी सिटी ने बताया कि उसने अपने पिता प्रमोद से कहा कि घर पर कई दिनों से सौरभ नहीं आया है। उसको शक है कि सौरभ के मां-बाप और भाई ने उसकी हत्या कर दी है, जिसके बाद वह अपने पिता के साथ ब्रह्मपुरी थाने पहुंच गई। ब्रह्मपुरी पुलिस ने शक होने पर सख्ती से पूछताछ की तो मुस्कान ने सच्चाई कबूल कर ली।

कुरुक्षेत्र बना दूसरी 'महाभारत' का अखाड़ा

बासी खाना परोसने पर हुए विवाद में फायरिंग, 20 घायल 3 की हालत गंभीर

कुरुक्षेत्र: हरियाणा के कुरुक्षेत्र के केशव पार्क में हो रहा महायज्ञ उस वक्त युद्ध का अखाड़ा बन गया। जब यहां यज्ञ में शामिल होने पहुंचे लोगों को बासी खाना परोस दिया गया। विवाद के दौरान किसी ने गोली चला दी, जो आशीष तिवारी नामक ब्राह्मण को लगी। इस दौरान 20 लोग घायल हुए है, वहीं 3 की हालत गंभीर है। जिस युवक को गोली लगी है, उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। आशीष उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का रहने वाला है, जिसकी जांघ में लगी है गोली। वहीं दूसरा युवक प्रिंस है जिसके सिर पर पत्थर लगा है। जो लखीमपुर खीरी का रहने वाला बताया गया है।

क्यों युद्ध का अखाड़ा बना कुरुक्षेत्र का महायज्ञ : कुरुक्षेत्र में 1008 कुंडीय महायज्ञ हो रहा है, इसी महायज्ञ में शामिल होने के लिए देशभर से लोग यहां पहुंचे हैं। यह सभी ब्राह्मण अलग-अलग राज्य से बुलाए गए थे, जो यज्ञ कर रहे थे। महायज्ञ के आयोजन में लोगों को बासी खाना परोस दिया गया। जिसको लेकर पहले तो बहस हुई। कहासुनी से शुरू हुआ सिलसिला विवाद तक जहां पहुंचा। इस दौरान आयोजन में मौजूद बाउंसर ने गोली चला दी, ये गोली आशीष तिवारी को जा लगी।

महायज्ञ के आयोजन में तनाव पसरा : इसके बाद से ही महायज्ञ के आयोजन में तनाव पसर गया। माहौल को बिगाड़ता देख पुलिस ने मोर्चा संभाला। गुस्साए लोगों ने सड़क को जाम कर दिया। अब उस शख्स को गिरफ्तार किए जाने की मांग की जा रही है, जिसने गोली चलाई। बताया जा रहा है कि ये बाउंसर महायज्ञ का आयोजन करने वाले बुलाए हुए थे। फिलहाल इस मामले को किसी तरह शांत कराया गया है। अब इस मामले में आगे की कार्रवाई पुलिस की तरफ से जारी है।

अररिया में बिहार STF का एनकाउंटर

तनिष्क शोरूम लूट कांड का लुटेरा चुनमुन झा ढेर

चुनमुन झा को लगी 6-7 गोलियां

अररिया। बिहार के अररिया जिले में एसटीएफ के एनकाउंटर में कुख्यात लुटेरा चुनमुन झा ढेर हो गया। शनिवार अहले सुबह हुई मुठभेड़ में चुनमुन झा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया था। अररिया सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह पूर्णिया के चर्चित तनिष्क शोरूम लूटकांड में वांछित था। उसका एक साथी मौके से भाग निकला। एनकाउंटर में पांच पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार यह मुठभेड़ नरपतगंज थाना क्षेत्र के थलहा नहर के पास शनिवार तड़के हुई। मुठभेड़ में एसटीएफ और पुलिस के 4 जवान घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार पूर्णिया तनिष्क शोरूम लूट कांड के वांछित अपराधी चुनमुन झा महीनों से फरार चल रहा था। एसटीएफ और अररिया पुलिस को जानकारी मिली कि वह नरपतगंज के थलहा के पास छिपा हुआ है।

तड़के करीब करीब 3 बजे एसटीएफ और अररिया पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। जहां अपराधियों और एसटीएफ के बीच फायरिंग शुरू हो गई। इस एनकाउंटर में एक अपराधी मौके से फरार हो गया, जबकि घायल चुनमुन झा को सीने में कई गोलियां लगीं। घायल अपराधी को नरपतगंज पीएससी में भर्ती कराया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए अररिया सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अररिया सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ प्रदीप कुमार ने अपराधी चुनमुन झा की मौत की पुष्टि करते हुए कहा कि उसे 6 से 7 गोलियां लगी थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद यह पता चल पाएगा कि कुल कितनी गोलियां लगी हैं। वहीं इस मुठभेड़ में एसटीएफ के तीन जवान और नरपतगंज थाना प्रभारी विकास कुमार भी जख्मी हो गए हैं। घायल सभी पुलिसकर्मियों का इलाज नरपतगंज अस्पताल में चल रहा है।

नरपतगंज के थलहा नहर के समीप हुए एनकाउंटर के बाद एसपी अंजनी कुमार, एसडीपीओ राम पुकार सिंह और सीडीपीओ मुकेश शाह समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पंहुचे हैं। पुलिस एनकाउंटर में मारा गया अपराधी अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र के मजलिसपुर गांव का रहने वाला था। एसपी अंजनी कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है, इसी क्रम में यह एनकाउंटरहुआहै।

पूर्व सांसद संदीप दीक्षित की मानहानि

शिकायत पर 3 अप्रैल को होगी अगली सुनवाई

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व सांसद संदीप दीक्षित द्वारा दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और राज्य सभा सांसद संजय सिंह के खिलाफ दायर मानहानि शिकायत पर राऊज एवेन्यु कोर्ट समन जारी करने को लेकर फैसला सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट 3 अप्रैल को तय करेगा कि संजय सिंह और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को समन जारी किया जाए या नही। संदीप दीक्षित ने अपनी शिकायत में कहा है कि 26 दिसंबर को नई दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनके और कांग्रेस पर मानहानि करने वाले आरोप लगाए थे।

सीएम आतिशी और संजय सिंह ने कहा था कि संदीप दीक्षित ने केजरीवाल को हराने के लिए भाजपा से करोड़ो रुपए लिए है और वे बीजेपी के साथ मिलकर आप को हराने की साजिश रचने में शामिल है। संदीप दीक्षित की माने तो सीएम आतिशी और संजय सिंह ने दीक्षित और फरहाद सूरी पर भाजपा से चुनाव लड़ने के लिए करोड़ो रुपया कैश में लेने का आरोप लगाया था। जिसके बाद संदीप दीक्षित ने कहा था कि अगर मैंने भाजपा से करोड़ो रुपए कैश में लिए तो मैं अपराधी हूं।

भाजपा से पैसे लेने का आरोप

उन्होंने कहा कि सीएम और संजय सिंह द्वारा लगाए गए आरोप झूठा और निराधार है। संदीप दीक्षित ने यह भी कहा था कि उनके ऊपर केस दर्ज होना चाहिए, सीबीआई और ईडी की रेड पड़नी चाहिए। दीक्षित ने कहा था कि यदि उन्हें यह राशि प्राप्त होती है, तो वह इसे यमुना की सफाई और दिल्ली प्रदूषण मुक्त बनाने के प्रयासों में लगाएंगे।

संदीप दीक्षित ने कहा था कि 10 से 12 साल पहले अरविंद केजरीवाल ने शीला दीक्षित सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे, लेकिन सरकार में आने के बाद एक भी सबूत नही दिया। इससे पहले संदीप दीक्षित की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी और राज्य सभा सांसद संजय सिंह के खिलाफ दायर सिविल मानहानि से संबंधित याचिका को दिल्ली हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था। संदीप दीक्षित ने 10 करोड़ रुपये के हजार्ने की मांग करते हुए सिविल मानहानि का मामला दायर किया था।

साइबर क्राइम : निवेश का झांसा देकर ठगे 72 लाख

साइबर क्राइम थाना एनआईटी में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई



फरीदाबाद। एलन मस्क की कंपनी स्पेस एक्स, टेस्ला व बिटकॉइन में निवेश के नाम पर सेना के सेवानिवृत्त कैप्टन से 72.16 लाख रुपये ठग लिए गए। आरोपियों ने जनवरी 2024 में एलन मस्क, उनकी मां व मैनेजर बनकर संपर्क किया। बाद में व्हाट्सएप पर भी इनसे बात हुई।

आरोपियों ने कंपनियों के शेयर में निवेश के नाम पर व रिफंड चार्ज के नाम पर ये ठगी की। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम थाना एनआईटी में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई है। मांगर एरिया के फॉर्म में रहने वाले सेवानिवृत्त कैप्टन शक्ति स्वरूप लुंबा ने ये शिकायत पुलिस को दी है।

ठगी का आरोप एना शेरमन के फर्जी एक्स अकाउंट, एलन मस्क की कंपनी एक्स एआई, फिनटार्क्स कंपनी के प्रबंधन, राहुल सरकार, शोएन हबीब मोला, केशब रॉय, परीमल, कंपनी कॉइन स्विच एक्सचेंज इंवेस्टमेंट मैनेजमेंट, कॉइन स्विच वेंचर केपिटल, दीपक चकवर्ती, विक्रमजीत सिंह, मुकेश कुमार पर लगाया गया है।

आरोप है कि दो एक्स अकाउंट में मस्कएक्स ऑफिशियल व एना शेरमन से जनवरी 2024 में शिकायतकर्ता को फॉलो किया गया। मेई मस्क ने खुद को एलन मस्क की मां व एना शेरमन को अपनी मैनेजर बताया। इनसे बातचीत में सेवानिवृत्त कैप्टन ने एलन मस्क के कार्यों को लेकर उनकी तारीफ की।

आरोप है कि एना शेरमन ने कहा कि यदि स्पेसएक्स व टेस्ला कंपनी में निवेश करें तो वो एलन मस्क से परिचय करा सकती है। फिर शिकायतकर्ता को अमेरिका का एक व्हाट्सएप नंबर देकर कहा गया कि ये एलन मस्क का नंबर है। मैसेज से उस नंबर पर बात होने लगी। जिसमें शिकायतकर्ता को कहा गया कि आपको निवेश करना चाहिए और आपके रुपये स्पेसएक्स व टेस्ला शेयर में लगाए जाएंगे।

25 जनवरी 2024 को कोटेक महिंद्रा बैंक के खाते में 2.91 लाख रुपये जमा कराए गए। एना शेरमन ने कहा कि वो खुद भी स्पेसएक्स व टेस्ला के शेयर में निवेश किए हुए हैं। यहां से निवेश का सिलसिला शुरू हो गया। बाद में समय-समय पर बताते रहे कि आपकी इन कंपनी के शेयर में निवेश की गई राशि बढ़ रही है।

शिकायतकर्ता ने कहा कि वो और रुपये निवेश नहीं कर सकते और अपने निवेश किए गए रुपये वापस मांगे तो उन्हें बताया गया कि कंपनी के खाते फ्रीज हो गए हैं। एलन मस्क खुद भारत आने वाले हैं और वो रुपये आपके हवाले कर देंगे। शिकायतकर्ता ने अपनी बचत राशि के साथ ही दोस्तों व परिवार से भी उधार लेकर निवेश किया था। क्रेडिट कार्ड की लिमिट भी लेकर निवेश कर दी। एलन मस्क ने शिकायतकर्ता और उनकी पत्नी को रोलेक्स घड़ी भेजने की बात भी कही थी। घड़ी के कार्ड की फोटो भी उसने भेजी थी।

आयकर व ईडी अधिकारी बताकर फाइल क्लियरेंस के नाम पर लिए रुपये : फरवरी 2024 में शिकायतकर्ता से बैंगलोर के क्रिप्टो करंसी एजेंट विक्रमजीत सिंह ने भी संपर्क किया था। उसने कहा था कि क्रिप्टो निवेश से आपका मुनाफा लगभग 25 लाख रुपये है।

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 23 मार्च -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

बिहार के विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं : राधा मोहन सिंह

आज एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ बिहार दिवस मनाएगा भाजपा संगठन

इंदिरापुरम के अनंत रॉयल डायमंड फार्म हाउस में होगा कार्यक्रम

गाजियाबाद ,करंट क्राइम : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद राधा मोहन सिंह शनिवार को गाजियाबाद आए हुए थे। उन्होंने राजनगर स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता कर 23 मार्च रविवार को साहिबाबाद विधानसभा के अंतर्गत आने वाले अनंत रॉयल फार्म हाउस कनावनी इंदिरापुरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प एक भारत, श्रेष्ठ भारत के तहत बिहार दिवस के कार्यक्रम आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि बिहार के विकास के बिना आज देश का विकास संभव नहीं है और इस बात को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बिहार दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी पहली बार उत्तर प्रदेश में एक बड़ा आयोजन कर रही है। इसका मकसद पूर्वांचल बिहार और मैथिली भाषा बोलने वाले लोगों को एकजुट करना है। पत्रकारों ने राधा मोहन सिंह से पूछा कि क्या यह बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर किया गया है, तो उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन बड़ा है, बड़ी सोच रखता है और बड़े आयोजन भी करता है।

बोले राधा मोहन सिंह नीतीश हमारे नेता है और उनकी देशभक्ति पर नहीं है कोई शक

करंट क्राइम : सोशल मीडिया पर इन दिनों भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दल के प्रमुख नेता नीतीश कुमार का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें राष्ट्रगान के दौरान अलग हरकत करते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसको लेकर जब पत्रकारों ने सवाल किया तो पूर्व सांसद और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधा मोहन सिंह ने कहा कि बिहार का अगला चुनाव नीतीश के नेतृत्व में ही लड़ा जा रहा है। पार्टी उनके साथ है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की देशभक्ति पर सवाल पूछने वालों पर उन्हें संदेह हो रहा है, उन्होंने कहा कि राधा मोहन सिंह की देशभक्ति पर भारतीय जनता पार्टी के किसी भी पदाधिकारी को नीतीश की देशभक्ति पर किसी प्रकार का कोई शक नहीं है।

प्रधानमंत्री खुद करते हैं बिहार के हर क्षेत्र की तारीफ

करंट क्राइम : राधा मोहन सिंह ने कहा है कि भारत के उत्तरोत्तर प्रगति के रूप में बिहार के लोगों की तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वयं कई बार कर चुके हैं। बिहार के साथ उनके जुड़ाव और बिहार के प्रति सोच और चिंता भी बताती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार पर पूरा ध्यान देते हैं। उन्होंने कहा कि आज बिहार के लोग हर मामले में आगे हैं। शिक्षा ,व्यापार , खेलकूद , रोजगार, कामगार , इकाइयां, लघु , उद्योग, नौकरशाही से लेकर आईआईटियन और आईएएस, आईपीएस, पीसीएस से लेकर मीडिया, खेल और राजनीतिक जगत में बिहार किसी भी प्रदेश के आगे छोटा नहीं है। यहां के युवाओं और लोगों में बहुत अधिक योग्यता और प्रतिभा है।

पश्चिम से दिया जाएगा बिहार वाले चुनाव का संदेश

करंट क्राइम : बीते दिनों साहिबाबाद के विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने एक दावत दी थी दावत में लिट्टी चोखा और बिहार के पकवान बनवाए गए थे। तो वहीं अब जिस तरीके से पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहर गाजियाबाद और उसमें भी साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में बिहार दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, यह कहीं ना कहीं आने वाले बिहार चुनाव को पश्चिम से साधने का संदेश है। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने जानकारी दी है कि रविवार 23 मार्च को 4 :00 बजे से इंदिरापुरम के कनवानी स्थित अंनत रॉयल डायमंड फार्म हाउस में बिहार दिवस के उपलक्ष में जो कार्यक्रम होगा। उसमें बिहार से जुड़े भारतीय जनता पार्टी के साथ ही स्थानीय स्तर पर प्रबुद्ध लोगों को कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा।

सांसद, विधायक और महानगर अध्यक्ष रहे प्रेस वार्ता में मौजूद

करंट क्राइम : राधा मोहन सिंह बिहार दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दे रहे थे। तो इस कार्यक्रम में सांसद अतुल गर्ग ,शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी , वर्तमान अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक प्रेम शंकर पटेल , महामंत्री गोपाल अग्रवाल और मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी मंच पर थे। तो कार्यक्रम में मुख्य रूप से रनीता सिंह, पार्षद अमित त्यागी ,आशीष चौधरी, सोनू भाटी, अश्वनी शर्मा व सुनील यादव सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

'ससुर रखता था बहू पर गंदी नजर क्रिकेट बैट से कई वार कर उतारा था मौत के घाट'

कवि नगर पुलिस ने आरोपी बहू को किया गिरफ्तार

हत्या के बाद कमरे में लगाया था पोंछा और की थी फर्श की धुलाई

गाजियाबाद, करंट क्राइम : कवि नगर थानाक्षेत्र के गोविंदपुरम में रहने वाले स्वास्थ्य विभाग के अफसर की हत्या के मामले का पुलिस ने 12 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक की बहु 36 वर्षीय आरती को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है की आरती ने अपने ससुर पाती सिंह 63 वर्ष की क्रिकेट बैट से मार मार कर हत्या की, फिर उसके शव को बिस्तर से नीचे गिराया। उनके कपड़े उतार दिए ताकि पुलिस को घटना किसी और दे द्वारा अंजाम दिए जाने का शक हो। वहीं मृतक के कमरे में अधिक खून होने की वजह से आरती ने कमरे में पहले पोंछा लगाया और जब खून साफ नहीं हुआ तो उसने कमरे की धुलाई कर दी थी। हालांकि इस पूरे मामले में पहले हत्याओपी आरती पुलिस को गुमराह करती रही लेकिन जब पुलिस ने इस पूरे मामले की पड़ताल शुरू की तो आरती ने ही अपना जुर्म इकबाल कर लिया। पुलिस ने हत्यारोपी आरती को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरती के पास से खून से सने उसके कपड़े और हत्या में प्रयुक्त क्रिकेट बैट बरामद किया है। डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार सिंह ने पत्रकार वार्ता में हत्याकांड के खुलासे की जानकारी दी।

बहू ने ससुर के चरित्र पर भी उठाए सवाल, बोली में थी इससे परेशान

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों की माने तो आरती ने यह कदम आवेश में आकर उठाया है। आरती को उसका ससुर परेशान करता था, साथ ही आरती का यह भी आरोप है कि पाती सिंह की कई महिला मित्र उसके घर आती थी जो उसको पसंद नहीं था। साथ ही आरती और उसके ससुर के बीच प्रॉपर्टी का विवाद भी चल रहा था, वह कहता था कि मैं तुम्हें प्रॉपर्टी का हिस्सा नहीं दूंगा, मैं किसी अन्य महिला के नाम सारी प्रॉपर्टी कर दूंगा। बता दें की हत्या से कुछ दिन पहले ही कोर्ट के आदेश पर आरती इस मकान में रहने के लिए आई थी।

मृतक पाती सिंह का फाइल फोटो

हत्या के बाद पोंछे से साफ किया था खून और कमरे में की थी धुलाई

करंट क्राइम : एसीपी कवि नगर स्वतंत्र सिंह ने जानकारी दी है कि आरती ने अपने ससुर पाती सिंह की हत्या करने के बाद कमरे में पोछा लगाया था और फिर पानी डालकर धुलाई की थी। इस दौरान उसने अपने खून से सने कपड़े भी धोने का प्रयास किया था, लेकिन वह उन्हें ठीक से साफ नहीं कर पाई थी। वही जब आरती ने कमरे की धुलाई की थी तो खून और पानी का काफी हिस्सा कमरे के बाहर आ गया था, जिसे तीसरे फ्लोर पर रहने वाली महिला देख लिया तो और उसी ने पुलिस को सूचना दी थी।

आरती को नहीं है किए पर पश्चाताप, पर अब बच्चों को कौन संभालेगा

करंट क्राइम : बता दे की आरती की शादी पाती सिंह के पुत्र जितेंद्र से लगभग 11 साल पहले हुई थी। उसके दो छोटे बच्चे भी हैं। वही 4 साल पहले स्वास्थ्य मंत्रालय से पाती सिंह रिटायर्ड हुए थे, कोविड के दौरान पाती सिंह की पत्नी और बेटे जितेंद्र की मौत हो गई थी। उसके बाद से ही ससुर और बहू के बीच विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि पुलिस जब आरती से उसके बयान दर्ज कर रही थी और पूछताछ कर रही थी, तो उसे अपने ससुर की हत्या किए जाने का पश्चाताप नहीं था लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आरती अब जेल जाएगी लेकिन उसके छोटे बच्चों की देखरेख कौन करेगा और उनका क्या कसूर है।

पूरे इलाके के लिए सनसनीखेज बन गया है मामला

करंट क्राइम : भले ही बुजुर्ग पाती सिंह की हत्या के मामले का पुलिस ने 12 घंटे के अंदर तत्परता के साथ खुलासा कर दिया हो। पर इस पूरे मामले ने गोविंदपुरम इलाके में रहने वाले लोगों के बीच दहशत पैदा कर दी है कि एक बहू ने किस तरीके से घर में बुजुर्ग ससुर की हत्या की। हालांकि हत्या के पीछे की वजह प्रॉपर्टी विवाद और मृतक बुजुर्ग पारती सिंह की गलत नियत का होना भी बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने महिला हत्यारोपी आरती को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई शुरू कर दी है। तो वहीं घटना के बात से आसपास रहने वाले लोग हैरान हैं।

गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पहुंचे प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात

जीडीए, नगर निगम तथा प्रशासन के कार्यों की हुई समीक्षा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। प्रमुख सचिव नगर विकास उत्तर प्रदेश अमृत अभिजात द्वारा गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पहुंचकर शहर हित में चल रहे विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई जिसमें गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह का मलिक द्वारा निगम के कार्यों की प्रेजेंटेशन दी गई जिसमें विशेष रूप से इंदिरापुरम के कार्यों, शासन की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए चल रहे कार्यों की प्रेजेंटेशन दी गई, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा वर्ष 2025, 2026 और 2027 की योजनाओं को साझा किया गया। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा शहर हित में चल रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। समीक्षा बैठक में गाजियाबाद नगर निगम से अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी प्रकाश कामाख्या प्रसाद आनंद प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज उपस्थित रहे।

गाजियाबाद को ग्रीन गाजियाबाद बनाने के लिए जीडीए, निगम तथा प्रशासन संयुक्त रूप से बनाये योजना : अमृत अभिजात

करंट क्राइम। गाजियाबाद को ग्रीन गाजियाबाद बनाने के लिए अमृत अभिजात द्वारा उपस्थित जी डी ए, नगर निगम, तथा प्रशासनिक विभागों को संयुक्त रूप से योजना बनाने के लिए कहा गया। साथ ही गाजियाबाद नगर निगम के पार्कों तथा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पार्कों को पूर्ण रूप से विकसित और सुंदर बनाने के निर्देश दिए गए।

गाजियाबाद के पार्कों को पूर्ण रूप से विकसित और सुंदर बनाने के दिए निर्देश

प्रमुख सचिव नगर विकास ने सीएम ग्रिड के चल रहे कार्यों का लिया जायजा, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय का किया गया उद्घाटन

करंट क्राइम। समीक्षा बैठक से पूर्व अमृत अभिजात प्रमुख सचिव नगर विकास द्वारा सी एम ग्रिड योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया, कार्यों की रफ्तार में तेजी देखकर टीम को मोटिवेट किया गया इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग द्वारा वायु गुणवत्ता सुधार के लिए खरीदी जा रही आधुनिक एंटी स्मोक गण तथा वॉटर स्प्रिंकलर का डेमो लिया गया सेल्फ प्रोपलड रोड शिपिंग मशीन का डेमो भी लिया गया, स्वच्छ भारत मिशन के क्रम में प्रमुख सचिव तथा नगर आयुक्त द्वारा नवयुग मार्केट स्थित नवनिर्मित शौचालय का उद्घाटन भी किया गया जिसमें शौचालय को पूर्ण रूप से व्यवस्थित रखने के लिए प्रमुख सचिव द्वारा टीम को मोटिवेट किया गया इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के अंतर्गत गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय में बनाई जा रही बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया कार्य को गुणवत्ता पूर्वक तेजी से करने के निर्देश निर्माण विभाग को दिए गए।

हॉर्टिकल्चर वेस्ट मैनेजमेंट पर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने दी विशेष प्रेजेंटेशन

करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम द्वारा ग्रीन म्युनिसिपल बौंड के अंतर्गत अंतिम रूप से चल रहे कार्यों, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हरित वेस्ट मैनेजमेंट पर चल रहे कार्यों का प्रमुख सचिव के समक्ष प्रेजेंटेशन दिया गया, जिसमें पार्कों से ग्रीन बेल्ट से उद्यान संबंधित उत्सर्जित वेस्ट के निस्तारण की प्लानिंग को साझा किया गया। उपाध्यक्ष जीडीए द्वारा बताया गया की समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव को वर्ष 2025, 26 और 27 के कार्यक्रम विषयक जीडीए की तैयारी के संबंध में जानकारी दी गई। आगामी वर्ष मे राज नगर एक्सटेंशन के कूड़ा एकत्रीकरण और निस्तारण की रणनीति बतायी और उस पर मार्गदर्शन प्राप्त किया जीडीए द्वारा तैयार किए जा रहे दो पार्क- वेस्टर टू वंडर पार्क इंदिरापुरम और रामायण पार्क, कोयल एनक्लेव का प्रस्तुतिकरण किया गया, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा बताया गया कि सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर शहर को जागरूक करने कार्यक्रम आयोजन की योजना बनाई जा रही है समीक्षा बैठक में साझा की गई।

संपादकीय

रेलवे में खानपान व्यवस्था का बुरा हाल

तमाम दावों और मंसूबों के बावजूद भारतीय रेल में विभिन्न सेवाओं से संबंधित शिकायतों का सिलसिला खत्म ही नहीं होता। रेलगाड़ियों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और शुद्धता को लेकर लंबे समय से शिकायतें मिलती रही हैं। उन्हें दूर करने के मकसद से भारतील रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम यानी आइआरसीटीसी का गठन किया गया। इसके लिए क्षेत्रीय स्तर पर रसोई बनाई गई, वहां तैयार होने वाले खानपान के निरीक्षण का तंत्र विकसित किया गया। इससे बाहरी खानपान की गुणवत्ता और कीमतों में मनमानी पर कुछ हद तक रोक तो लगी, स्वच्छता और साफ-सफाई पर भी ध्यान दिया जाने लगा, मगर फिर वही शिकायतें मिलनी शुरू हो गईं। संसद की एक समिति ने इसे लेकर रेलवे की खिंचाई की है। आइआरसीटीसी को छह हरित रसोई भी बनानी थी, मगर काम नहीं हो सका समिति का कहना है कि खानपान संबंधी नीतियों में बार-बार बदलाव की वजह से भी यह गड़बड़ी हो रही है। संसदीय समिति ने इस बात के लिए भी रेलवे पर नाराजगी जाहिर की कि उसके पहले के सुझावों पर अमल क्यों नहीं किया गया। समिति ने रेलवे से जवाब मांगा है कि जिन पंद्रह खानपान इकाइयों को अपडेट करने को कहा गया था, वह क्यों नहीं हुआ। आइआरसीटीसी को छह हरित रसोई भी बनानी थी, मगर उस दिशा में काम नहीं हो सका।

2017 में नई खानपान नीति बनाई गई थी, उसकी समीक्षा के लिए बनी समिति दरअसल, 2005 के बाद से अब तक तीन बार रेलवे खानपान संबंधी नीतियों में बदलाव किया जा चुका है। 2010 में यह काम क्षेत्रीय रेलवे को सौंप दिया गया था, फिर 2017 में इसे आइआरटीसी को दे दिया गया। इस तरह नीतिगत गड़बड़ियों के चलते भी रेल खानपान सेवा को लेकर एक प्रकार की अनिश्चितता बनी रही और गुणवत्ता से समझौता होता रहा। 2017 में नई खानपान नीति बनी और उसकी समीक्षा के लिए संसदीय समिति गठित की गई, तब उसने कुछ महत्त्वपूर्ण सुझाव दिए थे। मगर समिति की ताजा रपट से जाहिर है कि पिछले सात वर्षों में इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कदम नहीं उठाए जा सके हैं। अभी तक रेलों में परोसा जाने वाला भोजन बाहर की रसोई में तैयार होकर पहुंचाया जाता है, फिर गाड़ियों में उसे गरम करने की व्यवस्था होती है। मगर देखा गया कि वैसे रेल डिब्बे बने ही नहीं हैं। जाहिर है, इस तरह तैयार होने और परोसे जाने के बीच समय अधिक गुजर जाने से अक्सर भोजन खराब हो जाता है। संसदीय समिति ने इस बात पर भी हैरानी जताई है कि भोजन की गुणवत्ता के निरीक्षण के लिए तो तंत्र गठित है, पर औचक निरीक्षण का कोई प्रावधान नहीं है। इससे रसोइयों में भोजन तैयार करने और रेल डिब्बों में परोसे जाने में अक्सर मनमानी की शिकायतें आती रहती हैं। सरकार रेल सेवाओं को विश्व मानकों के अनुरूप ढालने और द्रुतगामी रेलों की संख्या बढ़ाने के दावे तो बढ़-चढ़ कर करती है, रेल किराए में भी काफी बढ़ोतरी हो चुकी है, मगर जब खानपान की गुणवत्ता और स्वच्छता पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा पाता, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि दूसरी सुविधाओं पर कितना ध्यान दिया जाता होगा।



भारत ने बीते एक दशक में अपनी अर्थव्यवस्था को दोगुना कर दुनिया को चौंका दिया

नई दिल्ली। भारत ने बीते एक दशक में अपनी अर्थव्यवस्था को दोगुना कर दुनिया को चौंका दिया है। आईएमएफ के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत की 2015 में $2.1 ट्रिलियन थी, जो 2025 तक बढ़कर $4.3 ट्रिलियन हो गई। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर आईएमएफ के हवाले से यह दावा किया है। भारत ने बीते एक दशक में अपनी अर्थव्यवस्था को दोगुना कर दुनिया को चौंका दिया है। आईएमएफ के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, भारत की 2015 में $2.1 ट्रिलियन थी, जो 2025 तक बढ़कर $4.3 ट्रिलियन हो गई। यह 105% की वृद्धि दर को दर्शाती है, जो अमेरिका (66%) और चीन (76%) जैसे वैश्विक दिग्गजों से भी तेज है।

भाजपा के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर आईएमएफ के हवाले से यह आंकड़ा साझा कर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस उपलब्धि को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व और उनकी सरकार की सक्रिय आर्थिक नीतियों का परिणाम बताया। उन्होंने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, यह उपलब्धि स्वतंत्रता के बाद से किसी भी पिछली सरकार को नहीं मिली थी। मोदी सरकार के साहसिक सुधार और व्यापार सुगमता को ध्यान देने से भारत वैश्विक महाशक्तियों को पीछे छोड़ रहा है।

क्या हैं भारत की विकास दर में वृद्धि के कारण

विशेषज्ञों का मानना है कि इस शानदार वृद्धि के पीछे कई कारक जिम्मेदार हैं। मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया और उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। साथ ही, मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम और आईटी सेक्टर की निरंतर प्रगति ने आर्थिक विकास को गति दी है। भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वैश्विक मंच पर इसकी स्थिति को मजबूत कर रही है। जहां अमेरिका की जीडीपी 30.3 ट्रिलियन डॉलर और चीन की 19.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच रही है, वहीं भारत की विकास दर अन्य देशों की तुलना में अधिक मजबूत दिख रही है।

आगे का रास्ता और चुनौतियां

क्या हालांकि, इस ग्रोथ के बावजूद भारत को बेरोजगारी, महंगाई और आय असमानता जैसी चुनौतियों से जूझना होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि अगले दशक में भारत को आर्थिक सुधारों पर अधिक ध्यान देना होगा ताकि यह विकास आम जनता तक पहुंचे और देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का सपना साकार हो सके।

भारत के अगरबत्ती उद्योग में बाल श्रम में कमी आई, एनजीओ रिपोर्ट में हुआ खुलासा

नई दिल्ली। बाल अधिकारों से जुड़े गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के एक समूह के अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत के अगरबत्ती निर्माण उद्योग में बाल श्रम के मामलों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। बिहार, कर्नाटक और आंध्रप्रदेश में किए गए इस अध्ययन में अगरबत्ती निर्माण उद्योग से बाल श्रम के उन्मूलन में हुई प्रगति पर प्रकाश डाला गया है लेकिन साथ ही घरेलू स्तर पर अनियमित परिस्थितियों में उत्पादन के काम लगे बच्चों को लेकर चिंताई जताई गई हैं।अच्छरड फ्एअऊ क्या 9000 होगी एढऋड पेंशन? 20 मई को देशभर में सड़कों पर उतरेंगे श्रमिक संगठन

'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस' द्वारा कई गैर सरकारी संगठनों के सहयोग से किए गए अध्ययन से पता चला है कि इसमें भाग लेने वाले 82 प्रतिशत लोगों ने अपने इलाकों में बाल श्रम का कोई मामला नहीं देखा। अध्ययन के

अनुसार केवल 8 प्रतिशत लोगों ने बच्चों को अगरबत्ती बनाने के काम में लगे देखा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगरबत्ती उद्योग ने बाल श्रम के उन्मूलन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है जिसका श्रेय बढ़ती जागरूकता, नीतिगत हस्तक्षेप और सख्त नियमों को जाता है लेकिन हमें सतर्क रहना होगा, क्योंकि खासकर घरेलू परिवेश में उत्पादन जैसे कुछ क्षेत्रों में बाल श्रम अब भी मौजूद है।

'एलन मस्क ने टेस्ला की प्रतिष्ठा नष्ट कर दी'

कंपनी के निवेशक ने की नया सीईओ चुनने की मांग

नई दिल्ली। टेस्ला में लंबे समय से निवेश कर रहे रॉस गेरबर ने सार्वजनिक रूप से एलन मस्क से सीईओ के पद से इस्तीफा देने की मांग की है। गेरबल का तर्क है कि विशेष रूप से व्हाइट हाउस में ट्रंप की भूमिका के कारण उनका ध्यान बंट रहा है, जो कंपनी को संकट की ओर ले जा रहा है।

गेरबर कावासाकी वेल्थ मैनेजमेंट के सीईओ गेरबर ने स्काई न्यूज से कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे (मस्क) सरकार में अपने काम के प्रति प्रतिबद्ध हैं। यहीं वह अपना समय बिता रहे हैं। वह टेस्ला नहीं चला रहे हैं। मुझे लगता है कि टेस्ला को एक नए सीईओ की जरूरत है। व्यवसाय को बहुत लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया है।

एक दशक से ज्यादा समय से गेरबर कावासाकी ने मस्क के नेतृत्व में टेस्ला में निवेश किया है। टेस्ला के सबसे बड़े शेयरधारकों में से न होने के बावजूद- फरवरी 2025 तक उनके पास कंपनी के 262,352 शेयर हैं। उनका फर्म 2023 से लगातार टेस्ला में अपनी हिस्सेदारी कम कर रही है। कंपनी के बोर्ड में बदलाव के मुखर समर्थक रॉस गेरबर ने मस्क की आलोचना करना शुरू कर दिया है। मस्क के व्हाइट हाउस की गतिविधियों में शामिल होने के बाद उनका विरोध और बढ़ गया है।

उन्होंने आउटलेट से कहा, टेस्ला बहुत सारे महत्वपूर्ण काम कर रहा है, इसलिए या तो एलन को टेस्ला में वापस आ जाना चाहिए और टेस्ला का सीईओ बन जाना चाहिए और अपनी अन्य व्यस्तताएं छोड़ देनी चाहिए या फिर उन्हें सरकार पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और वह काम करते रहना चाहिए जो वह कर रहे हैं, लेकिन टेस्ला के लिए एक उपयुक्त सीईओ ढूंढना चाहिए।

बैंक कर्ज 11 फीसदी बढ़ा, जमा में 10% उछाल

अब महिंद्रा के वाहन भी तीन फीसदी तक होंगे महंगे

नई दिल्ली। बैंकों का कर्ज 7 मार्च को समाप्त पखवाड़े तक सालाना आधार पर 11.1 फीसदी की वृद्धि के साथ 225.10 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। इस अवधि तक बैंकों में जमा राशि 10.2 फीसदी बढ़कर 181.28 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, मूल्य के लिहाज से देखों तो 7 मार्च को समाप्त पखवाड़े में बैंक कर्ज 1.38 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है, जबकि जमा राशि में 2.25 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई है। बैंकिंग क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि नकदी की कमी और जमा राशि जुटाने के दबाव के कारण बैंक

आक्रामक तरीके से कर्ज देने से बच रहे हैं। निजी क्षेत्र के कई बड़े बैंक अपने कर्ज-जमा अनुपात को घटाने पर ध्यान दे रहे हैं। इस कारण पिछले कुछ महीनों में कर्ज वृद्धि की रफ्तार घटी है। हालांकि, आरबीआई के तरलता कवरेज अनुपात ढांचा और एनबीएफसी पर बढ़े जोखिम भार को वापस लेने जैसे कदमों से आने वाले महीनों में बैंकों के कर्ज बांटने की रफ्तार बढ़ सकती है।

बाजार नियामक सेबी ने पिछले साल फिन-इन्फ्लुएंसर ढांचे के लागू होने के बाद से सोशल मीडिया मंचों से 70,000 भ्रामक खाते और पोस्ट हटाए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी ने शुक्रवार को कहा, अपंजीकृत निवेश सलाहकार और शोध विश्लेषक एक खतरा हैं, जो निवेश में लोगों की बढ़ती रुचि का फायदा उठा रहे हैं।

महिंद्रा के वाहन भी तीन फीसदी तक होंगे महंगे

महिंद्रा एंड महिंद्रा भी अप्रैल से एसयूवी व वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में तीन फीसदी तक बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने कहा, बढ़ती उत्पादन लागत और जिंसों की कीमतों में वृद्धि से यह फैसला लिया गया है। मारुति समेत कई कंपनियां भी दाम बढ़ाने की घोषणा कर चुकी हैं।

रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया की पहली हॉस्पिटल ट्रेन भारत के पास है। जिसका नाम लाइफ लाइन ट्रेन है।
- एक सामाजिक अध्ययन के अनुसार संसार की महिलाये करीब 18 ट्रिलियन डॉलर कमाती हैं। लेकिन उनके खर्चे करीब 28 ट्रिलियन डॉलर होते हैं।
- क्या आप जानते हैं कि सऊदी अरब देश में एक भी नदी नहीं है।
- क्या आप जानते हैं की हीरे की खोज सबसे पहले भारत में ही की गयी थी।
- क्या आप जानते हैं कि शैम्पू की खोज सबसे पहले भारत में ही हुई थी।
- प्लास्टिक सर्जरी का अविष्कार भारत में ही हुआ था।
- क्या आप जानते हैं साल 1880 में थाईलैंड की रानी डूब रही थी लेकिन उसे बचाने उसके नौकर भी नहीं आये थे। क्योंकि थाईलैंड की रानी को छूना मना था।
- क्या आप जानते हैं की दुनिया में सबसे पुराना झंडा डेनमार्क देश का हैं जो 13 सदी से लगाया जा रहा है।

राशिफल

मेष: सोशल मीडिया पर आपकी कुछ हरकतों को देखकर आपका प्रेमी नाराज हो सकता है। किसी पोस्ट पर आपत्ति कर सकते हैं।
वृष: आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहेगा। आप अपने पार्टनर के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिता पाएंगे। नए संबंध बनाने के लिए भी समय अच्छा रहेगा।
मिथुन: आपका प्रेमी कुछ रोमांटिक योजना बना सकता है लेकिन आप उसकी बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देंगे।
कर्क: आज का दिन आपके लिए यादगार साबित हो सकता है। आप अपने पार्टनर के साथ खूबसूरत समय बिता पाएंगे।
सिंह: प्रेमी के लिए अच्छा दिन कहा जा सकता है। रिश्तों में पहले से ज्यादा गहराई और जुनून देखा जा सकता है। आप प्रेम-संबंध में जिस मुकाम पर पहुंचे हैं।
कन्या: आज का दिन आपके लिए कठिन रहने के आसार हैं। पार्टनर से किसी न किसी बात पर झगड़ा होगा। जिससे आपके बीच अनबन हो सकती है।
तुला: पुराने संबंधों की याद आज ताजा हो सकती है जिससे मन में उदासी रहेगी. आप जितना भूलने की कोशिश करेंगे, आप उतने ही परेशान होंगे।
वृश्चिक: नए प्रेम संबंध में धोखा मिलने के योग हैं। शादीशुदा जातकों के प्रेम जीवन में तनाव की स्थिति रहेगी। किसी कारणवश गंभीर झगड़ा हो सकता है।
धनु: यदि आप दोनों के बीच कुछ समय से कुछ अनबन चल रही है तो आप दोनों इस बारे में बात कर सकते हैं।
मकर: आज आपके लिए विवाह प्रस्ताव आ सकते हैं। अगर आप किसी को चाहते हैं तो उसके बारे में अपने परिवार वालों से बात करना न भूलें।
कुंभ: किसी मित्र के कारण प्रेम संबंधों में दरार आ सकती है या गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। अपनी तरफ से ऐसा कुछ होने से रोकें।
मीन: आज का आज किसी जरूरी काम में आपको अपने लव पार्टनर का सहयोग मिलेगा। जिससे आपका मानसिक तनाव दूर होगा।

चुटकुले

भिखारी- साहब 10 रुपये दे दो कुछ खा लूंगा.
साहब- शर्म नहीं आती तुम्हें, सड़क पर खड़े होकर भीख मांगते हो.
भिखारी- तो क्या दफ्तर खोल लूं?

महिला कैशियर- मुझे कुछ दिन की छुट्टी चाहिए, क्योंकि मुझे ऐसा लग रहा है कि मेरी सुन्दरता कुछ कम हो गई है.
बैंक मैनेजर- क्या मतलब ?
महिला कैशियर- पुरूषों ने पैसे गिनकर लेने शुरू कर दिया है।

बच्चा- मम्मी क्या मैं भगवान की तरह दिखता हूं?
मम्मी- नहीं, पर तुम ऐसा क्यों पूछ रहे हो बेटा?
बच्चा- क्योंकि मम्मी मैं कहीं भी जाता हूं, तो.
सब यही कहते हैं 'हे भगवान फिर आ गया.

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

तीन नए नियम, जिससे आईपीएल के 18वें सीजन का रोमांच होगा दोगुना, सात नए कप्तानों पर भी रहेंगी निगाहें

मुंबई। आईपीएल 2025 यानी 18वें सीजन का आगाज आज होगा। पहले मैच में गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के सामने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की चुनौती होगी। हालांकि, काफी लंबे समय बाद एक ऐसा सीजन देखने को मिलेगा, जिसमें लगभग सभी कप्तान नए यानी 30 की उम्र के आसपास के होंगे और अगले कुछ सीजन तक कप्तानी करते दिखेंगे। साथ ही कुछ नए नियम भी आईपीएल के रोमांच में चार चांद लगाएंगे।

गेंद पर लार लगाने से बैन हटना

नए नियमों में सबसे महत्वपूर्ण गेंद पर लार लगाने की अनुमति फिर से देना है। कोविड-19 महामारी के कारण गेंद पर लार लगाना प्रतिबंधित कर दिया गया था और उसके बाद यह पहला अवसर होगा जबकि गेंदबाजों को इसकी अनुमति दी जाएगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के अधिकतर कप्तानों से इस मामले में सहमति मिलने के बाद गुरुवार को लार पर लगा प्रतिबंध हटाने का फैसला किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने 2022 में गेंद पर लार लगाने पर स्थाई रूप से प्रतिबंध लगा दिया था लेकिन आईपीएल अपने नियमों से संचालित किया जाता है और उसका यह फैसला विश्व क्रिकेट के अन्य देशों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है। इससे गेंद को रिवर्स स्विंग कराने में मदद मिलेगी और बल्लेबाजी और गेंदबाजी में बेहतर तालमेल बन सकेगा। इससे खेल संतुलित हो जाएगा।

दूसरी पारी में 'सशर्त' दूसरी नई गेंद

अन्य नियमों में शाम को खेले जाने वाले मैचों में अगर अंपायरों को लगता है कि ओस खेल पर अपना प्रभाव डाल रही है तो वह दूसरी पारी के 11वें ओवर से नई गेंद का इस्तेमाल करने की अनुमति दे सकते हैं। शाम को होने वाले मैचों पर यह नियम लागू होगा। दोपहर में होने वाले मैचों पर यह नियम लागू नहीं होगा। इससे हाईस्कोरिंग मैचों को बनाए रखने में मदद मिलेगी। ताकि दोनों पारी में खेल संतुलित रहे और चेज करने वाली टीम को ओस की मदद न मिले। अक्सर शाम के मैचों में ओस का प्रभाव देखते हुए टॉस जीतने पर टीमें पहले गेंदबाजी का फैसला करती दिखती हैं। इससे अब खेल बैलेंस्ड होगा।

वाइड गेंदों के लिए डीआरएस

इसके अलावा टीम ऊंचाई और ऑफसाइड की वाइड के लिए भी निर्णय समीक्षा प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं। इससे गेंद को लेकर एक निष्पक्ष निर्णय सुनिश्चित किया जा सकेगा। हालांकि, लेग-साइड वाइड को ऑन-फील्ड अंपायर द्वारा कॉल लिया जाना जारी रहेगा। हालांकि, इंपैक्ट प्लेयर का नियम पहले की तरह बरकरार रहेगा। इस नियम को पिछले साल काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था, जिसमें कई लोगों ने सुझाव दिया था कि इससे ऑलराउंडरों को नुकसान होता है और उन्हें आगे बढ़ने से रोकता है। बीसीसीआई ने हालांकि इस साल भी इस नियम को जारी रखा है। इसके अलावा अब कप्तानों पर स्लो ओवर रेट के लिए बैन भी नहीं लगेगा। उन्हें अब डिमेरिट अंक मिलेंगे और उन पर जुमार्ना लगाया जाएगा।

भारतीय मुक्केबाजी महासंघ की चुनावी प्रक्रिया रोकी गई

अदालती फैसलों के बाद निर्वाचन अधिकारी का कदम

अदालत ने बीएफआई के सात मार्च के आदेश पर भी रोक लगा दी थी। मुक्केबाजी महासंघ ने कहा था कि चुनाव में चुने हुए पदाधिकारी ही हिस्सा ले सकते हैं।

नई दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनाव की प्रक्रिया रोक दी गई है। निर्वाचन अधिकारी आरके गाबा ने शुक्रवार को कहा, चुनावी प्रक्रिया तब तक रुकी रहेगी जब तक बीएफआई उन्हें इसे शुरू करने के लिए नहीं कहती है। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने खुद निर्वाचन अधिकारी को चुनावी प्रक्रिया रोकने की प्रार्थना की थी। उन्होंने यह कदम हिमाचल प्रदेश और दिल्ली हाईकोर्ट के फैसलों के बाद उठाया।

अजय सिंह ने गाबा से प्रार्थना की कि अदालत के फैसलों के बाद चुनाव में बाधा पड़ सकती है और वह इन फैसलों को उच्च अदालत में चुनौती देने जा रहे हैं।

उच्च अदालत के आदेश के बाद ही चुनावी प्रक्रिया बहाल की जाए। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बीएफआई के निर्वाचन मंडल से बाहर किए जाने पर रोक लगाते हुए उनके नामांकन को स्वीकार करने का आदेश दिया था। अदालत ने बीएफआई के सात मार्च के आदेश पर भी रोक लगा दी थी। मुक्केबाजी महासंघ ने कहा था कि चुनाव में चुने हुए पदाधिकारी ही हिस्सा ले सकते हैं। इसके आधार पर ही ठाकुर को निर्वाचन मंडल से बाहर किया गया था। जिसे आदालत में चुनौती दी गई।

मुक्केबाजी में विवाद पर आया आईओए अध्यक्ष पीटी उषा का बयान

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को खिलाड़ियों के विवादों में फंसने पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे मुद्दे उन पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) अधिकारियों के बीच आपसी झगड़े के कारण चल रही महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप प्रभावित हुई है।

'बुरा लग रहा है'

टोक्यो ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन सहित असम की टीम को कथित तौर पर राज्य इकाई के सचिव हेमंत कलिता द्वारा इस टूर्नामेंट का बहिष्कार करने के लिए मजबूर किया गया था। कलिता को हाल में महासंघ प्रमुख अजय सिंह द्वारा बीएफआई के महासचिव के पद से निलंबित कर दिया गया था। उषा ने चैंपियनशिप के मौके पर कहा, 'मुझे बुरा लग रहा है कि खिलाड़ियों को विवाद में घसीटा गया है।'

उन्होंने कहा, 'मैं चाहती थी कि खिलाड़ी यहां आएं और प्रतिस्पर्धा करें। मुझे खुशी है कि ऐसा हो रहा है। अब मुक्केबाजी लॉस एंजिल्स ओलंपिक का भी हिस्सा है।' प्रतियोगिता में उषा की उपस्थिति उल्लेखनीय थी क्योंकि उन्होंने पिछले महीने बीएफआई के कामकाज की देखरेख के लिए एक तदर्थ समिति नियुक्त की थी, जिस कदम पर बाद में अदालत ने रोक लगा दी थी। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी उपस्थिति केवल खिलाड़ियों के लाभ के लिए थी।

2036 ओलंपिक को लेकर आशावादी

उन्होंने कहा, 'मैं पहली महिला अध्यक्ष को देखकर बहुत खुश हूं और उम्मीद करती हूं कि वह खेलों में महिलाओं की बेहतरी के लिए काम करेंगी। जहां तक मुझे पता है, वह डोपिंग के सख्त खिलाफ हैं और मुझे उम्मीद है कि वह इस दिशा में ठोस कदम उठाएंगी।' भारत 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने का लक्ष्य बना रहा है और उषा आशावादी हैं। उन्होंने कहा, 'आईओसी में अब मेरे बहुत सारे दोस्त हैं और बहुत से लोग हमारा समर्थन कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि ऐसा हो, यह प्रधानमंत्री का विजन है और मैं इसे हकीकत बनाने में मदद करने की पूरी कोशिश करूंगी।'

'ऐसा नहीं होना चाहिए था'

उन्होंने कहा, 'आमतौर पर मैं अंतिम समय के निमंत्रण स्वीकार नहीं करती, लेकिन मैं आई क्योंकि मैं चाहती थी कि यह प्रतियोगिता हो। मुक्केबाज लंबे समय से राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं या शिविरों से दूर रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, खासकर अब जब मुक्केबाजी की लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए पुष्टि कर दी गई है, लेकिन मुझे उन खिलाड़ियों के लिए बुरा लगता है जो भाग नहीं ले सकी। ऐसा नहीं होना चाहिए था।'

कोवेंट्री को लेकर कही यह बात

उन्होंने कहा, 'यह हर जगह खिलाड़ियों के लिए मुश्किल है। मेरे पूरे जीवन में हमेशा बाधाएं और चुनौतियां रही हैं। लेकिन उन्हें अपनी स्पर्धा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, कुछ हासिल करने के लिए जुनून और समर्पण के साथ लड़ना चाहिए, चाहे कुछ भी हो जाए।' आईओए की पहली महिला अध्यक्ष उषा ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के प्रमुख के रूप में क्रिस्टी कोवेंट्री के चुनाव पर भी खुशी व्यक्त की।

बॉक्सर स्वीटी बूरा को पुलिस ने थाने में बैठाया

हिसार के महिला थाने में कबड्डी प्लेयर पति को पीटा था

हिसार। हरियाणा के इंटरनेशनल कबड्डी प्लेयर व नेशनल टीम के पूर्व कप्तान दीपक हुड्डा से हिसार के महिला थाने में मारपीट के बाद पुलिस एक्शन में है। पुलिस ने मारपीट के आरोप में इंटरनेशनल बॉक्सर स्वीटी बूरा, उनके पिता महेंद्र सिंह और मामा सत्यवान को शुक्रवार को पूरा दिन थाने में बैठाए रखा। सदर थाना पुलिस ने तीनों को तब तक नहीं जाने दिया, जब तक उनकी जमानत नहीं हुई। इसके बाद शाम को थाने में जमानत के कागज पेश कर ही तीनों को घर जाने दिया। सदर थाना प्रभारी ईश्वर सिंह ने बताया कि स्वीटी बूरा, उनके पिता और मामा को जांच में शामिल करने के लिए बुलाया गया था। 3 से 4 दिन में पुलिस कोर्ट में चालान पेश कर देगी।

बता दें कि स्वीटी बूरा ने 7 दिन पहले 15 मार्च को अपने पति दीपक हुड्डा से महिला थाने में मारपीट की थी। दोनों पक्षों के बीच धोखाधड़ी, मारपीट और दहेज उत्पीड़न का मामला चल रहा है। 7 दिन पहले इन्हें पूछताछ के लिए महिला थाने बुलाया गया था।

इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच आपस में कहासुनी हुई। पुलिस के सामने ही बात इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्ष हाथापाई पर उतर आए। आरोप है कि इसी दौरान दीपक हुड्डा पर थाने में हमला किया गया। दीपक हुड्डा उपचार के लिए सिविल अस्पताल हिसार दाखिल हुए। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी।

हरियाणा में हिसार की रहने वाली वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर स्वीटी बूरा ने अपने पति व इंडियन कबड्डी टीम के पूर्व कैप्टन दीपक हुड्डा पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। दोनों की 3 साल पहले शादी हुई थी।

सबूत के तौर पर सीसीटीवी और गवाह

पुलिस ने स्वीटी बूरा, पिता और मामा के खिलाफ सबूत जुटाए हैं। जहां दीपक हुड्डा से मारपीट की गई, वहां के सीसीटीवी फुटेज महिला थाने से बरामद कर लिए हैं। महिला थाना प्रभारी सीमा के सामने पूरा वाक्या हुआ। गवाह के तौर पर महिला पुलिसकर्मी इस केस में हैं। केस की जांच सदर थाना पुलिस कर रही है। पुलिस की ओर से बरामद सीसीटीवी फुटेज में दीपक हुड्डा से मारपीट का पूरा वीडियो है। हालांकि पुलिस इस वीडियो के बारे में कुछ भी कहने से मना कर रही है।

केएल राहुल 2 मैचों से बाहर रह सकते हैं, दिल्ली ने 14 करोड़ में खरीदा था

नई दिल्ली। विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के लिए शुरूआती दो मैचों में नहीं खेल पाएंगे। यह जानकारी दिल्ली कैपिटल्स से खेल रहे मिचेल स्टार्क की पत्नी और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एलिसा हीली ने दी।

उन्होंने बताया, केएल राहुल की पत्नी अथिया शेट्टी मां बनने वाली हैं। इसी वजह से वह लीग के शुरूआत दो मैचों से बाहर रह सकते हैं। राहुल और उनकी बॉलीवुड अभिनेत्री पत्नी अथिया शेट्टी ने नवंबर 2024 में गुड न्यूज की जानकारी दी थी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ने यूट्यूब पर दी जानकारी एलिसा हीली ने यूट्यूब चैनल पर कहा कि यह देखना दिलचस्प होगा कि हैरी ब्रूक की जगह कौन आता है। उनके पास केएल राहुल हैं जो शायद पहले कुछ मैच नहीं खेलेंगे। वे अपने बच्चे के जन्म का इंतजार कर रहे है। दिल्ली कैपिटल्स के पास युवा खिलाड़ियों की फौज है जो कुछ भी कर सकते हैं। उनके पास केएल राहुल भी हैं जो टी20 क्रिकेट में पारी को मजबूती देंगे। उन्हें देखना बहुत रोमांचक होगा।

14 करोड़ में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा था दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में 14 करोड़ रुपए में खरीदा था।

वह इससे पहले तीन साल तक लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेले। एलएसजी ने नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था। राहुल आईपीएल में कई टीमों की कप्तानी कर चुके हैं, ऐसे में माना जा रहा था कि फ्रेंचाइजी उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी सौंप सकती है। राहुल आईपीएल में 4683 रन बना चुके हैं।

महान मुक्केबाज जॉर्ज फोरमैन का निधन

76 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

नई दिल्ली। पूर्व हैवीवेट चैंपियन जॉर्ज फोरमैन का शुक्रवार को निधन हो गया। उनके परिवार ने इंस्टाग्राम पर इसकी पुष्टि की। वह 76 वर्ष के थे। बयान में लिखा है- हमारा दिल टूट गया है। गहरे दुख के साथ हम अपने प्रिय जॉर्ज एडवर्ड फोरमैन सीनियर के निधन की घोषणा करते हैं। 21 मार्च, 2025 को वह हमें अलविदा कह गए। फोरमैन उन मुक्केबाजों में शामिल थे, जो निडर और बेबाक थे। उनके आंकड़े इसकी गवाही हैं। फोरमैन ने मुक्केबाजी के 81 मुकाबले खेले। इसमें से 76 में जीत हासिल की। इसमें से भी 68 मैच उन्होंने नॉकआउट से जीते। सिर्फ पांच मैचों में उन्हें हार मिली। फोरमैन ने 1968 मैक्सिको ओलंपिक में हेवीवेट श्रेणी में स्वर्ण पदक भी जीता था। वह फैंस के चहेते मुक्केबाजों में से एक रहे।

बयान में लिखा है, 'एक धर्मनिष्ठ उपदेशक, एक समर्पित पति, एक प्यार करने वाले पिता, एक मानवतावादी, एक ओलंपियन और दुनिया के दो बार के हैवीवेट चैंपियन। उन्होंने अटूट विश्वास, विनम्रता और उद्देश्य से चिह्नित जीवन जिया। उन्होंने सम्मान के साथ अपना जीवन जिया। वह अपने परिवार के लिए एक ताकत, अनुशासन, दृढ़ विश्वास थे। उन्होंने अपनी विरासत और अपने नाम को संरक्षित करने के लिए काफी संघर्ष किया। हम सभी से मिले प्यार और प्रार्थनाओं के लिए आभारी हैं। आप सभी से गोपनीयता की विनती करते हैं, क्योंकि हम एक ऐसे व्यक्ति के असाधारण जीवन का सम्मान करना चाहते हैं, जिसका हमने जीवनभर सम्मान और प्यार किया है।'

स्पिनरों के दम पर मुंबई को चुनौती देने उतरेगा सीएसके, सूर्यकुमार पर होगी जिम्मेदारी

मुंबई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) आईपीएल 2025 में अपने अभियान की शुरूआत मुंबई इंडियंस के खिलाफ करेगी। सीएसके स्पिनरों के मददगार परिस्थितियों में रविवार को मुंबई के खिलाफ स्पिनरों के दम पर चुनौती देने उतरेगी। मुंबई और चेन्नई आईपीएल इतिहास की दो सफल टीमें हैं और इनके बीच मुकाबले को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह रहता है।

स्पिनरों पर चेन्नई ने दिया ध्यान

पांच बार की चैंपियन सीएसके ने पिछले साल आईपीएल 2025 के लिए हुई मेगा नीलामी में स्पिनरों को लेने पर अधिक जोर दिया था। चेन्नई के पास रविचंद्रन अश्विन, नूर अहमद, श्रेयस गोपाल, दीपक हुड्डा और रवींद्र जडेजा के रूप में अच्छे स्पिनर हैं। सीएसके के सत्र से पूर्व अभ्यास शिविर के दौरान भी इस बात के संकेत मिले थे कि चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में स्पिनर बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई की टीम मुंबई के खिलाफ अपनी इस ताकत का भरपूर उपयोग करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। चेन्नई की टीम में एक बार फिर से सबकी नजर महेंद्र सिंह धोनी पर टिकी रहेगी जो 2008 में आईपीएल की शुरूआत से ही इस टीम से जुड़े हुए हैं।

चेन्नई की टीम में सलामी जोड़ी को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है। टीम के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के साथ न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र का पारी की शुरूआत करना तय है। मध्यक्रम की जिम्मेदारी राहुल त्रिपाठी, शिवम दुबे, दीपक हुड्डा जैसे भारतीय बल्लेबाज संभालेंगे, जबकि इसके बाद धोनी और जडेजा आएंगे।

मुंबई के खिलाफ सीएसके का रिकॉर्ड बेहतर

चेन्नई का मुंबई के खिलाफ हाल का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। इन दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मैच में से चार में चेन्नई ने जीत हासिल की। मुंबई में पिछले साल रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को कप्तान नियुक्त किया था, लेकिन तब उसकी टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी और सबसे निचले स्थान पर रही थी। इस बार हालांकि उसकी टीम संतुलित नजर आ रही है। मुंबई के शीर्ष क्रम में ईशान किशन की भरपाई दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज रेयान रिक्लेटोन करेंगे, जबकि इसके बाद सूर्यकुमार और तिलक वर्मा जिम्मेदारी संभालेंगे।

मुंबई को खलेगी बुमराह की कमी

जहां तक मुंबई की बात है तो उसे भारतीय टीम के तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह की बहुत कमी खलेगी जो चोट से उबरने के बाद वापसी की प्रक्रिया में हैं। बुमराह का आईपीएल के शुरूआती चरण में खेलना संदिग्ध है और मुंबई के लिए उनकी भरपाई करना मुश्किल होगा। चेन्नई के खिलाफ मैच में मुंबई के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या भी नहीं खेल पाएंगे। उन पर पिछले साल लीग चरण के अंतिम मैच में धीमी ओवर गति के लिए एक मैच का प्रतिबंध लगा है। मुंबई की टीम में हालांकि कई अच्छे नेतृत्वकर्ता हैं और पहले मैच में उसकी कमान सूर्यकुमार यादव संभालेंगे जो भारतीय टी20 टीम के कप्तान भी हैं।

मेसी के बिना भी जीता अर्जेंटीना, विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने से बस एक अंक दूर

अर्जेंटीना। अर्जेंटीना ने लियोनेल मेसी के बिना भी शुक्रवार को खेले गए दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालिफाइंग मैच में उरुग्वे को 1-0 से हरा दिया। अर्जेंटीना के लिए एकमात्र गोल थियागो अल्माडा ने 68वें मिनट में दागा जो कि निर्णायक साबित हुआ। इस जीत के साथ ही गत चैंपियन अर्जेंटीना अगले साल होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश पाने से केवल एक अंक दूर रह गया है।

अर्जेंटीना दक्षिण अमेरिका क्वालिफाइंग में 13 मैचों के बाद 28 अंकों के साथ सबसे आगे बना हुआ है और अगर वह मंगलवार को ब्राजील के खिलाफ घरेलू धरती पर होने वाले मैच को ड्रॉ करने में सफल हो जाता है तो विश्व कप में अपनी जगह सुनिश्चित कर लेगा। इससे पहले जब फुटबॉल जगत की इन दो दिग्गज टीमों के बीच मुकाबला हुआ था तब अर्जेंटीना ने रियो डी जनेरियो के माराकाना स्टेडियम में 1-0 से जीत हासिल की थी। कोच लियोनेल स्कालोनी की टीम पहले से ही सातवें स्थान पर मौजूद बोलीविया से 15 अंक आगे है, जबकि प्रतियोगिता में अब केवल पांच दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं। इससे पहले इक्वाडोर ने वेनेजुएला को 2-1 से हराया और दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। ब्राजील 21 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। वह उरुग्वे और पराग्वे से एक अंक आगे है। कोलंबिया 19 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग में शीर्ष छह स्थान पर रहने वाली टीमों को अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में होने वाले विश्व कप में सीधा प्रवेश मिलेगा जबकि सातवें स्थान पर रहने वाली टीम अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ में खेलेगी।

आईओसी की नई अध्यक्ष कोवेंट्री के घर डकैती, माता-पिता को बंदूक दिखाकर बनाया बंधक, दो आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की नव निर्वाचित अध्यक्ष किर्स्टी कोवेंट्री के माता-पिता के हरार स्थित घर पर सशस्त्र डकैती डालने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को जिम्बाब्वे की एक अदालत में पेश किया गया। इन दोनों पर कथित तौर पर कोवेंट्री के कुछ खेल संबंधी यादगार वस्तुएं चुराने का आरोप है। न्यूज एजेंसी एपी (एसोसिएटेड प्रेस) की रिपोर्ट्स के मुताबिक, डकैती 10 मार्च को हुई थी।

माता-पिता को बंदूक के दम पर बनाया बंधक

पुलिस के मुताबिक, जॉन और माइक नहोंगवे पर 90 हजार डॉलर के सामान चोरी करने तथा कोवेंट्री के माता-पिता को बंदूक की नोक पर बंधक बनाने का आरोप है। चोरी की गई वस्तुओं में आभूषण, आग्नेयास्त्र और जिम्बाब्वे की पूर्व ओलंपिक तैराक कोवेंट्री के करियर से जुड़ी कुछ स्मृति चिन्ह के साथ ही 15,000 अमेरिकी डॉलर की नकदी शामिल है।

पुलिस और कोवेंट्री के परिवार ने हालांकि यादगार वस्तुओं के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी, लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन वस्तुओं में कोवेंट्री के कुछ ओलंपिक कपड़े शामिल थे। पुलिस ने बताया कि नहोंगवे भाइयों ने कोवेंट्री के माता-पिता को हरारे में अपने घर पर जूतों के फीतों से बांध दिया था। यह स्पष्ट नहीं है कि कोवेंट्री उस समय जिम्बाब्वे में थीं या नहीं।

आईओसी की नई अध्यक्ष चुनी गईं कोवेंट्री 41 वर्षीय कोवेंट्री को यूनान में आईओसी का नया अध्यक्ष चुना गया। कोवेंट्री को गुरुवार को क्डउ का 10वां अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने विश्व एथलेटिक्स के प्रमुख सेबेस्टियन को और स्पेनिश खेल प्रशासक जुआन एंटोनियो समरंच जैसे अन्य लोगों को पीछे छोड़ दिया। कोवेंट्री आईओसी अध्यक्ष बनने वाली पहली अफ्रीकी बन गईं। कोवेंट्री 131 वर्षों में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का नेतृत्व करने वाली पहली महिला अध्यक्ष हैं। उन्हें अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के निवर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक का पसंदीदा भी माना जाता है। कोवेंट्री 23 जून को पदभार ग्रहण करेंगी। कोवेंट्री दो बार की ओलंपिक तैराकी चैंपियन हैं, जिन्होंने 2016 में संन्यास लेने से पहले पांच ओलंपिक खेलों में भाग लिया था। वह 2018 से जिम्बाब्वे की खेल मंत्री भी है।

विशाल महामाया देवी सीकरी देवी मेला तैयारी में जुटा प्रशासन

मेला तैयारियों के बीच विरोध के स्वर तेज, ग्रामीणों ने किया तहसील पर प्रदर्शन

मोदीनगर (करंट क्राइम)। गांव सीकरीखुर्द में देवी महामाया के मंदिर में प्रत्येक चैत्र मास की षष्ठमी, सप्तमी व अष्ठमी को लगने वाले ऐतिहासिक व धार्मिक मेले की तैयारियों के लिये स्थानीय पालिनका व पुलिस प्रशासन ने कवायद तेज कर दी है।

प्रशासन की इस कवायत को लेकर एक तरफ विरोध के स्वंर भी तेज हो गयें है। इस वर्ष मेले में करीब 20 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। मेला अध्यक्ष व उपजिलाधिकारी डॉ0 पूजा गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 100 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। चार निगरानी पोस्ट स्थापित की जाएंगी, ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी। पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिये चॉक चैबंद व्यवस्था की जावेंगी।

नोएडा में बाइक सवार दो बदमाश चेन तोड़कर फरार

नोएडा (करंट क्राइम)। सेक्टर 24 थाना क्षेत्र के सेक्टर 12 क्यू ब्लाक स्थित स्टैंडर्ड स्वीट्स के पास मोमोज खा रहे इंजीनियर से बाइक सवार दो बदमाश सोने की चेन झपट ले गए। वारदात के समय बदमाश पहले इंजीनियर के पीछे आकर खड़ा हुआ और चेन झपटकर अपने साथी की बाइक पर बैठकर भाग गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पीड़ित ने डायल 112 पर और सेक्टर 11 चौकी पुलिस से शिकायत की।

दिल्ली कोंडली के ललित कुमार नोएडा की एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर हैं। वह परिवार के साथ बुधवार रात करीब साढ़े 10 बजे सेक्टर 12 क्यू ब्लाक में स्ट्रीट फूड की दुकान पर मोमोज खा रहे थे। बच्चे कुर्सी पर बैठे थे और वह खड़े थे। इसी दौरान लाल पल्सर बाइक पर दो बदमाश आए। एक बदमाश ललित के पीछे आकर खड़ा हो गया और मोबाइल देखने का बहाना करता रहा जबकि दूसरा बदमाश बाइक स्टार्ट खड़ा रहा। पहले बदमाश ने कुछ सेकेंड बाद ललित के गले पर झपट्टा मारा और चेन लेकर बाइक पर लपककर जा बैठा। ललित ने पीछे दौड़कर दोनों बदमाशों का पकड़ने का प्रयास किया लेकिन बदमाश धक्का देकर भाग गए। ललित ने तत्काल डायल 112 को काल कर चेन झपट ले जाने की सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने बदमाशों को आसपास खोजा लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

डेढ़ साल की बच्ची का अपहरण, 5 राज्यों के 150 ईंट भट्ठों की तलाशी के बाद बच्ची मिली

नोएडा (करंट क्राइम)। ग्रेटर नोएडा में एक डेढ़ वर्षीय बच्ची के अपहरण का मामला सामने आया है। बिसरख थाना पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में एक महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। 18 मार्च को बच्ची की मां ने पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि घर की सफाई करने वाली रेनू और दिनेश उनकी बच्ची को लेकर चले गए हैं। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी रेनू बच्ची को गोद में लेकर जाती दिखी। जांच में पता चला कि रेनू और दिनेश पहले ईंट भट्ठों पर काम करते थे। पुलिस ने कासगंज, अलीगढ़, इगलास, संत कबीरनगर, गाजियाबाद, राजस्थान के माजरी और हरियाणा के रेवाड़ी व भिवानी के भट्ठों की जांच की।

भिवानी के खोड़ी में एक महिला और पुरुष छोटी बच्ची के साथ देखे गए थे। 22 मार्च को पुलिस ने दोनों आरोपियों को नोएडा की आम्रपाली रिवर्व व्यू सोसायटी से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया गया। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि रेनू से पूछताछ की गयी तो ज्ञात हुआ कि रेनू उम्र 44 वर्ष की शादी करीब 25 साल पहले राजवीर उम्र करीब 50 वर्ष निवासी नगला जार, थाना इगलास, अलीगढ़ के साथ हुई थी। राजवीर से रेनू को 04 बच्चे 1.उम्र 22 वर्ष 2.उम्र 16 वर्ष 3.उम्र 15 वर्ष 4.उम्र 10 वर्ष है। करीब 04 साल पहले रेनू की मुलाकात जनपद अलीगढ में अपने देवर की शादी में दिनेश उम्र लगभग 28 वर्ष से हुई और दोनो के मध्य प्रेम सम्बन्ध स्थापित हो गये। जिस पर रेनू अपने पति व बच्चो को छोडकर दिनेश के साथ नोएडा में आकर बतौर पति पत्नी निवास करने लगे तथा रेनू 14जी एवन्यू गौर, सिटी बिसरख में साफ-सफाई का कार्य करने लगी। जहाँ पर उसकी मुलाकात अपहृत बच्ची की माता(वादिया) से हुई। अभियुक्ता रेनू का बच्ची की माता(वादिया) के घर आना जाना हो गया।

सुन्दर दीप वर्ल्ड स्कूल में परीक्षा उपरांत मनाया मनोरंजन दिवस

छात्रों के लिए मस्ती भरा विश्राम

गाजियाबाद, करंट क्राइम। सुन्दर दीप वर्ल्ड स्कूल में परीक्षाओं के कठोर कार्यक्रम के बाद, स्कूल ने छात्रों को एक बहुप्रतीक्षित विश्राम प्रदान करने के लिए 'नो बैग डे' का आयोजन किया। यह दिन मनोरंजक गतिविधियों से भरपूर था, जिसने सभी छात्रों के लिए एक मजेदार अनुभव सुनिश्चित किया। दिन का मुख्य आकर्षण इंटर-हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता थी, जहाँ टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना और उत्साह का प्रदर्शन किया। मैदान पर एक तीव्र लड़ाई के बाद, लेजेंड्स हाउस चैंपियन बनकर उभरा और गर्व के साथ अपनी जीत का जश्न मनाया।

फुटबॉल के अलावा, छात्रों ने रस्साकशी, मेंढक दौड़ और खो-खो जैसे विभिन्न रोमांचक खेलों में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम का समापन एक ताजा पेय सत्र के साथ हुआ, जिससे छात्रों को आराम करने और इस पल का आनंद लेने का मौका मिला। यह पहल एक बड़ी सफलता थी, जिसने छात्रों को उनकी परीक्षाओं के बाद आनंद और विश्राम का एक आदर्श मिश्रण प्रदान किया। हंसमुख चेहरे और उत्साही भागीदारी ने दिन को वास्तव में यादगार बना दिया।

सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में 'हवा-पानी एक प्रयास' का सफल आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में 22 मार्च को शानदार व भव्य तृतीय वार्षिक कला मंचन- 'हवा -पानी : एक प्रयास' नामक वार्षिकोत्सव का सफल आयोजन किया गया। डायरेक्टर विभा रावत, मुख्य अतिथि व प्रधानाचार्या रत्ना त्यागी ने दीप प्रज्ज्वलित किया व पुष्पगुच्छ व शाल प्रदान कर मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का अभिनंदन किया। आयोजन की मुख्य अतिथि डॉ. विनीता एस. सहाय (डायरेक्टर आई.आई.एम, बोध गया) हैं। भूतपूर्व सांसद अनिल अग्रवाल व अन्य अतिथियों ने भी सभी छात्रों की मेहनत, जज्बे व शानदार प्रस्तुति की तारीफ की। इसके पश्चात नन्हें- मुन्हे प्यारे छात्रों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्रों ने 100% सहभागिता करके मनमोहक प्रदर्शन करके सबके मन को मोह लिया। सभी अभिभावकों ने इस वार्षिकोत्सव की जमकर प्रशंसा की व छात्रों का हौसला बढ़ाया।

सम्पूर्ण विद्यालय परिसर तालियों की गड़-गड़ाहट से गूँज उठा। सभी विद्यार्थियों ने इस वार्षिकोत्सव में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया व बेहतरीन प्रदर्शन करके माता-पिता व गुरुजनों का मस्तक गर्व से उन्नत कर दिया। डायरेक्टर विभा रावत व प्रधानाचार्या रत्ना त्यागी व हेड मिस्ट्रेस उपाली भट्टाचार्या ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी को बधाई दी व आगामी वर्षों के लिए शुभकामनाएँ व्यक्त कीं।

दरोगा के बेटे ने दिखाई दबंगई, वकील से की अभद्रता

मोदीनगर (करंट क्राइम)। एक दरोगा के पुत्र की दबंगई सामने आई हैं। आरोप है कि नशे में चूर दरोगा के पुत्र ने अधिवक्ता व उसकी पत्नि पर कार चढाने का प्रयास किया ओर विरोध जताने पर अभद्रता पर उतर आया। इसकी शिकायत को लेकर अधिवक्ता थाने पहुंचा तो थाना प्रभारी व चैकी इंचार्ज ने कोई कार्यवाही नही की। इस रैवये को लेकर अधिवक्ता ने सीएम से शिकायत की हैं।

अधिवक्ता नीरज शर्मा गाजियाबाद सिविल कोर्ट में अधिवक्ता है। उन्होने पुलिस से दी शिकायत में कहा है कि मौहल्ले में दरोगा का पुत्र मोनू जो कि नशे का शौकीन हैं। पिता के पुलिस में होने के कारण रौब गालिब करते हुये उसने कार पर काली फिल्म चढाकर गली के ही परशुराम मंदिर के समीप उसकी बाईक में टक्कर मारने का प्रयास किया, विरोध जताने पर गाली गलौंच व मारपीट पर उतर आया। पुलिस द्वारा कार्यवाही ना किये जाने पर अधिवक्ता ने सीएम पार्टल पर शिकायत की है।

लाइन वाले थ्री-स्टार कब तक रहेंगे परेशान

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वर्तमान में बड़ी संख्या में थ्री- स्टार लाइन में हैं। उनको लंबे समय से ना तो चार्ज मिल रहा है, ना उनका लाइन वाला समय खत्म हो रहा है और ना ही वह पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद से बाहर जा पा रहे हैं। वहीं सुनने में आ रहा है कि मार्च के बाद कई लोगों पर थोड़ी दया और कृपा हो सकती है। तो कुछ लंबे समय से जो साइड लाइन हैं, उनको भी थोड़ी राहत दी जा सकती है। पर सूत्र बता रहे हैं कि जिन थ्री- स्टार का मामला खराब चल रहा था, उनपर अभी किसी प्रकार की कृपा नहीं होने वाली है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र साथ ही वह थ्री- स्टार जो कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद से बाहर जाने के लिए प्रयास कर रहे थे, उनके प्रयासों पर भी अभी ब्रेक लगा हुआ है । तो वह थ्री- स्टार भी अभी खुद को सेट नहीं कर पा रहे हैं, जो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लंबे समय से आउट ऑफ चेयर चल रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों पर भरोसा किया जाए, तो अभी आने वाले दिनों में थ्री- स्तरों के लिए किसी प्रकार की राहत की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते दिनों चर्चा सुनने में आई थी कि जो थ्री- स्टार लंबे समय से चार्ज पर हैं, उनको अपग्रेड या शिफ्ट किया जा सकता है। देखना होगा कि कौन से सर्किल और जोन में थ्री- स्टार के फेस बदलते हैं और कौन रेस से बाहर होने वाला है। साथ ही किसको इन किया जाता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं की लाइन में वह थ्री- स्टार भी जमे हुए हैं, जो थानों की कुर्सी पर बैठे तो वह भी शामिल हैं, जिनका कमिश्नरेट में अच्छा रिकॉर्ड माना जाता था, पर आजकल वह साइड लाइन चल रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आने वाले दिनों में थ्री-स्टारों पर किस प्रकार की कृपा होगी, यह भी देखना महत्वपूर्ण रहने वाला है। वहीं बताया जा रहा है कि सिटी, ट्रांस हिन्डन और देहात वाले जोन के लिए अगले 15 दिनों के भीतर नई सूचनाओं सुनने को आ सकती हैं। इसमें सिटी और देहात महत्वपूर्ण बदलाव वाले जोन हो सकते हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एक थाना ऐसा है, जहां प्रभारी से सीनियर महिला इंस्पेक्टर है, उसकी भी चर्चा सुनाई दे रही है। बताया जा रहा है कि कई मामलों में मैडम चेयर वाले थ्री-स्टार पर भारी पड़ रही हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जहां धीरे-धीरे इंस्पेक्टर राज कम होता जा रहा है। तो वहीं टू- स्टार वाले प्रभारियों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। देहात और नदिया पार का जोन इसके मुख्य उदाहरण बन गए हैं।

सार्वजनिक जगहों पर तीन घंटे के विशेष अभियान में 561 लोग पकड़े गए

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चले इस तीन घंटे के अभियान में 561 लोगों को पकड़ा गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया। इनका मेडिकल कराने के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया। डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में कुल 242 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें विजयनगर से 75, कोतवाली घंटाघर से 61, नंदग्राम से 35, सिहानी गेट से 25, कवि नगर से 24 और मधुबन बापूधाम से 22 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 177 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। मुरादनगर से 31, क्रॉसिंग रिपब्लिक से 28, लोनी से 21, मोदीनगर से 21, मसूरी और लोनी बॉर्डर से 17-17, ट्रॉनिका सिटी से 16, अंकुर विहार से 8, निवाड़ी से 7, वेव सिटी से 6 और भोजपुर से 5 लोग पकड़े गए।

खेत में मिला नील गाय का गोली लगा शव, फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

हापुड़ (करंट क्राइम)। हापुड़ के बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। कनिया कल्याणपुर गांव के जंगल में एक नील गाय का शव गोली लगी हुई हालत में मिला है। घटना शनिवार की सुबह की है। प्रियंक त्यागी के खेत में आसपास काम कर रहे किसानों ने सबसे पहले नील गाय के शव को देखा। उन्होंने तुरंत खेत मालिक और अन्य ग्रामीणों को सूचित किया। खबर फैलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा और थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ में फॉरेंसिक टीम भी थी। सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार प्रारंभिक जांच में यह अवैध शिकार का मामला लग रहा है। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। वन्यजीव संरक्षण कानून के तहत नील गाय का शिकार करना अपराध है। पुलिस शिकारियों की तलाश में जुटी है।

पंजाब के किसानों के लिए प्रदर्शन कर गिरफ्तार किसानों की रिहाई और मांगों के समाधान की मांग, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

नोएडा (करंट क्राइम)। किसान एकता संघ संगठन ने पंजाब के किसानों पर हुई कार्रवाई के विरोध में सूरजपुर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट वेद प्रकाश पाण्डे को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि पंजाब के किसान 12 सूत्रीय मांगों को लेकर दिल्ली जाना चाहते थे। हरियाणा और पंजाब सरकार ने बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक दिया। किसानों ने वहीं से आंदोलन शुरू कर दिया। सिंधु बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर पिछले 13 महीनों से आंदोलन चल रहा था। केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों से 7 बार वार्ता हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। पंजाब सरकार ने वार्ता के बहाने किसानों को बुलाकर गिरफ्तार कर लिया। धरना स्थल पर बल प्रयोग कर तोड़फोड़ की गई। किसानों को जबरन हटाया गया।

किसान एकता संघ ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है। जिलाध्यक्ष पप्पे नागर ने चेतावनी दी कि अगर गिरफ्तार किसानों को बिना शर्त रिहा नहीं किया गया और उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ, तो संगठन देशव्यापी आंदोलन करेगा। कार्यक्रम में कृष्ण बैंसला, सतीश कनारसी, शौकत चैची, मनीष नागर, मेहरबान, उम्मेद एडवोकेट समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

आग से बेटी की शादी का सामान जला, 20 अप्रैल को होनी थी शादी, लाखों का नुकसान

हापुड़ (करंट क्राइम)। हापुड़ के थाना देहात क्षेत्र के गांव सलाई में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां एक मजदूर परिवार की बेटी की शादी का सारा सामान आग में जलकर राख हो गया। गांव की रहने वाली मुनाजरी अपने परिवार के साथ एक प्लॉट में तिरपाल डालकर रहती है। वह अपने परिवार के साथ कोल्हू पर काम करती है। मुनाजरी की बेटी मुस्कान की शादी 20 अप्रैल को गांव असौड़ा के एक युवक से तय हुई है। शादी की तैयारियों के लिए परिवार ने वाशिंग मशीन, सिलाई मशीन, पलंग, अलमारी, संदूक खरीदे थे। इसके अलावा आभूषण, स्कूटी, कूलर और पंखे भी खरीदे गए थे।

शनिवार सुबह जब परिवार के सदस्य काम पर गए थे, तभी उनके घर के छप्पर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सभी ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक शादी का सारा सामान जल चुका था। पुलिस को जानकारी नहीं इस घटना से परिवार को करीब 5 से 6 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आर्थिक रूप से कमजोर इस परिवार पर यह बड़ा संकट आ गया है। परिजन इस घटना से बेहद दुखी हैं। कोतवाली प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि इस संबंध में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है।

'गीजा के पिरामिडों के नीचे हो सकता है विशाल शहर', वैज्ञानिकों का नया दावा

इजिप्ट। मिस्र के पिरामिडों के नीचे एक 'अभूतपूर्व' खोज का दावा किया जा रहा है। इस दावे ने पूरी दुनिया में तहलका मचाकर रखा है। इटली और स्कॉटलैंड के शोधकताओं ने गीजा के पिरामिडों के नीचे'एक विशाल भूमिगत शहर' की खोज करने का दावा किया है।

नए स्टडी के अनुसार ये दावा किया गया है कि गीजा के पिरामिडों के ठीक नीचे 6,500 फीट से अधिक गहराई तक शहर फैला हुआ है, जिससे ये पिरामिड खुद की ऊंचाई से 10 गुना बड़े हो सकते हैं। डेली मेल ऑनलाइन की रिपोर्ट के अनुसार, इटली के पीसा विश्वविद्यालय के कोराडो मालंगा और स्कॉटलैंड के स्ट्रैथक्लाइड विश्वविद्यालय के फिलिपो बियोन्डी द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में ये दावा किया गया है। इस सप्ताह इटली में एक व्यक्तिगत ब्रीफिंग के दौरान ही इसे जारी किया गया है। वैसे इसे अभी तक किसी वैज्ञानिक पत्रिका में प्रकाशित नहीं किया गया है। वहीं इसका स्वतंत्र विशेषज्ञों द्वारा विश्लेषण किया जाना आवश्यक होगा।

गीजा में मौजूद हैं तीन पिरामिड

गीजा परिसर में तीन पिरामिड हैं - खुफु, खफरे और मेनकौर, जो 4,500 वर्ष पहले उत्तरी मिस्र में नील नदी के पश्चिमी तट पर एक चट्टानी पठार पर बनाए गए थे। प्रत्येक का निर्माण एक फराओ के नाम पर किया गया था। समूह का सबसे उत्तरी और सबसे पुराना खुफू के लिए बनाया गया था। ग्रेट पिरामिड के रूप में भी जाना जाने वाला यह ढांचा सबसे बड़ा है, जो 480 फीट ऊंचा और 750 फीट चौड़ा है। मध्य पिरामिड का निर्माण खफरे के लिए किया गया था, जिसका अध्ययन टीम ने किया था, तथा मेनकौरे इस समूह का सबसे दक्षिणी तथा अंतिम पिरामिड है।

नए अध्ययन में उपग्रह रडार डेटा में मिले हैं संरचना के प्रमाण

नए अध्ययन में भी इसी प्रकार की तकनीक का उपयोग किया गया, लेकिन इसे पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे एक उपग्रह से बढ़ावा मिला। नई रडार तकनीक उपग्रह रडार डेटा को प्राकृतिक रूप से होने वाली भूकंपीय हलचलों से उत्पन्न सूक्ष्म कम्पन के साथ संयोजित करके काम करती है, जिससे पृथ्वी की सतह के नीचे स्थित वस्तुओं की 3ऊ छवियां बनाई जा सकती हैं, और इसके लिए किसी प्रकार की खुदाई की आवश्यकता नहीं होती। इस नए खोज प्रोजेक्ट की प्रवक्ता निकोल सिकोलो ने कहा कि पिरामिडों के नीचे एक विशाल भूमिगत शहर की खोज की गई है। इस अभूतपूर्व अध्ययन ने उपग्रह डेटा विश्लेषण और पुरातात्विक अन्वेषण की सीमाओं को पुनः परिभाषित किया है। उन्होंने 15 मार्च को आयोजित प्रेस ब्रीफिंग की एक छोटी क्लिप साझा करते हुए कहा कि कार्यक्रम का पूरा वीडियो 25 मार्च को जारी किया जाएगा। बेलनाकार संरचनाएं, जिन्हें सिकोलो ने 'शाफ्ट' कहा है, दो समानांतर पंक्तियों में व्यवस्थित थीं तथा नीचे की ओर जाने वाले सर्पिल पथों से घिरी हुई थीं।

पिरामिडों के नीचे मिली है बेलनाकार संरचनाएं

हालांकि, इस अध्ययन के अनुसार पिरामिड के नीचे 2,100 फीट से अधिक गहराई तक फैली आठ वर्टिकल बेलनाकार संरचनाएं तथा 4,000 फीट गहराई पर अज्ञात संरचनाएं पाए जाने का दावा किया गया है। यह चौंकाने वाला दावा - जिसे कई विशेषज्ञों ने पहले ही खारिज कर दिया है - एक ऐसे अध्ययन से आया है, जिसमें संरचनाओं के नीचे जमीन में गहराई तक उच्च-रिजॉल्यूशन वाली छवियां बनाने के लिए रडार पल्स का उपयोग किया गया था। ठीक उसी तरह जैसे सोनार रडार का उपयोग समुद्र की गहराई का मैप बनाने के लिए किया जाता है।

दोनों विशेषज्ञ पिरामिड्स पर पहले भी कर चुके हैं शोध

मलंगा एक यूएफओ विशेषज्ञ हैं और वे एलियंस से संबंधित यूट्यूब शो में दिखाई दे चुके हैं, जहां उन्होंने इटली में यूएफओ के देखे जाने के अध्ययन के अपने एक दशक से अधिक लंबे करियर पर चर्चा की है। दूसरी ओर, बियोन्डी रडार प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञ हैं। मलंगा और बियोन्डी ने अक्टूबर 2022 में वैज्ञानिक पत्रिका रिमोट सेंसिंग में एक अलग पेपर प्रकाशित किया, जिसमें खफरे के अंदर छिपे हुए कमरे और रैंप के साथ-साथ पिरामिड के आधार के पास एक थर्मल विसंगति के सबूत पाए गए।

इस्राइल ने लेबनान पर किया पलटवार, इस्राइली ठिकानों पर दागे गए रॉकेटों का दिया जवाब

इस्राइल। इस्राइल ने शनिवार को लेबनान में कई ठिकानों पर हमले किए। यह कार्रवाई लेबनान से इस्राइल पर दागे गए रॉकेटों के जवाब में की गई है। यह संघर्ष पिछले युद्ध-विराम के बाद की सबसे बड़ी झड़प बताई जा रही है। बता दें कि, शुक्रवार को लेबनान की तरफ से इस्राइल की ओर रॉकेट दागे गए। यह हमला दिसंबर के बाद दूसरी बार हुआ, जिससे युद्ध-विराम के भविष्य को लेकर चिंताएं बढ़ गईं। वहीं जवाबी कार्रवाई में इस्राइल ने लेबनान में दर्जनों ठिकानों पर हमले किए हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की

वहीं फिर से शुरू हो रहे इस संघर्ष को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि अगर यह संघर्ष आगे बढ़ा, तो यह पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर सकता है। इधर, संयुक्त राष्ट्र और अन्य देशों ने दोनों पक्षों से संयम बरतने की अपील की है।

लेबनान के हमले पर इस्राइल की प्रतिक्रिया

इस्राइल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि सेना को सख्त जवाबी कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत लेबनान के कई ठिकानों पर मिसाइल और हवाई हमले किए गए।

हिजबुल्ला ने सात अक्तूबर 2023 को हमास की तरफ से इस्राइल पर किए गए हमले के बाद इस्राइल पर रॉकेट और ड्रोन हमले शुरू कर दिए थे। सितंबर 2024 में यह संघर्ष बड़े युद्ध में बदल गया, जब इस्राइल ने लेबनान में बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। इस्राइल की तरफ से किए गए इन हमलों में हिजबुल्ला के कई वरिष्ठ नेताओं की मौत हुई थी। वहीं इस संघर्ष के कारण अब तक 4,000 से ज्यादा लेबनानी नागरिक मारे गए, जबकि 60,000 से अधिक इस्राइली लोगों को अपने घर छोड़ने को मजबूर होना पड़ा हैं।

न्यूज डायरी

पीएम मोदी 5 अप्रैल को श्रीलंका की करेंगे यात्रा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 5 अप्रैल को श्रीलंका की यात्रा करेंगे। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने शुक्रवार को अपने देश की संसद में यह घोषणा की। विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी, मोदी पिछले वर्ष राष्ट्रपति दिसानायके की दिल्ली यात्रा के दौरान हुए समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए यहां आएंगे। राष्ट्रपति ने संसद को यह भी बताया कि त्रिंकोमाली के पूर्वी बंदरगाह जिले में सामपुर विद्युत संयंत्र का निर्माण कार्य भारतीय प्रधानमंत्री की यात्रा के समय ही शुरू होने वाला है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी श्रीलंका इसलिए आ रहे हैं क्योंकि यहां स्थिरता है।

हैप्पीनेस इंडेक्स में भारत की स्थिति पर विवाद, सूचकांक की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल

यूएन। विश्व खुशहाली सूचकांक 2025 की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आध्यात्मिक गुरु और आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक ने इस संबंध में कहा, सूचकांक में भारत को 118वें नंबर पर दिखाया गया है। जिन देशों या इलाकों में संघर्ष हो रहा है, वैसे कई क्षेत्र भारत से काफी आगे हैं। ऐसे में सूचकांक काफी हैरान करने वाला है। उन्होंने कहा कि संघर्ष वाले क्षेत्रों में रह रहे लोगों के बीच अधिक जुड़ाव का तर्क दिया जा रहा है, लेकिन खुशहाली सूचकांक के लिए केवल जुड़ाव ही काफी नहीं है। रविशंकर के मुताबिक आज भारत की स्थिति काफी बेहतर है।

लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से आंशिक परिचालन शुरू

यूरोप। यूरोप के सबसे व्यस्त हवाईअड्डे- हीथ्रो पर आंशिक परिचालन शुरू हो गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी की तरफ से शुक्रवार देर रात करीब 11.40 बजे (भारतीय समय) जारी बयान के मुताबिक, लगभग 18 घंटे तक परिचालन बाधित रहने के बाद देर रात पहले विमान की सुरक्षित लैंडिग कराने में सफलता मिली। एयरपोर्ट प्रवक्ता ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा, हालात सामान्य हों, इसके लिए हमारी टीमें अथक प्रयास कर रही हैं। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हीथ्रो कुछ उड़ानें सुरक्षित रूप से शुरू करने में सक्षम हो गया है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले लंदन आने वाली उड़ानों (१ीस्र३१ं३ङ्गल्ल ľ″३२) को प्राथमिकता मिलेगी। इसके अलावा दूसरे देशों से आने वाले विमान जिनका मार्ग बदला (१ी ंङ्क३ल्लॅ ू१ा३) है, उन्हें भी तरजीह मिलेगी। हवाई अड्डे की यात्रा न करें। प्रवक्ता ने यात्रियों को एयरलाइन से ताजा सूचना लिए बिना हीथ्रो न आने की सलाह भी दी।

35,000 अमेरिकी डॉलर में नीलाम हुआ ट्विटर का लोगो

सेन फ्रांसिस्को। ट्विटर के सेन फ्रांसिस्को स्थित मुख्यालय में लगा मशहूर चिड़िया वाला लोगो करीब 35,000 अमेरिकी डॉलर में नीलाम हुआ। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क के ट्विटर को एक्स में बदलने के बाद यह लोगो हटा दिया गया था। नीलामी करने वाली कंपनी आरआर ऑक्शन के मुताबिक, इस लोगो का वजन 254 किलो था और यह 12७9 फीट का था। खरीदार का नाम नहीं बताया गया। पहले भी मस्क ने ट्विटर के पुराने साइन बोर्ड, यादगार चीजें, किचन का सामान और दफ्तर का फर्नीचर बेचा था। इस नीलामी में एक पुराना एप्पल-1 कंप्यूटर 3.1 करोड़ रुपये, स्टीव जॉब्स के साइन वाला चेक 93 लाख रुपये और पहली पीढ़ी का आईफोन 72 लाख रुपये में बिका था।

अदालत के आदेश की अवमानना की जांच करेंगे जज

वाशिंगटन। अमेरिका के एक जज जेम्स बोआस्बर्ग यह जांच करेंगे कि क्या डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने उनके आदेश को नजरअंदाज कर वेनेजुएला के प्रवासियों को एल साल्वाडोर भेज दिया है। ट्रंप प्रशासन ने एक पुराने युद्धकालीन कानून का उपयोग कर इन प्रवासियों को अमेरिका से बाहर भेजने के लिए उड़ानें भरी थीं। 16 मार्च को जब कुछ विमान हवा में थे, तब जज बोआस्बर्ग ने आदेश दिया कि इन उड़ानों को वापस बुलाया जाए और लोगों को निर्वासित न किया जाए। लेकिन ट्रंप प्रशासन का कहना है कि जज का यह आदेश मौखिक था, इसलिए उसे नहीं माना गया। अब जज यह जांच करेंगे कि किसने आदेश को नजरअंदाज किया और इसके क्या परिणाम होंगे। इस मामले में ट्रंप प्रशासन के अधिकारी राज्य गोपनीयता का दावा कर सकते हैं। इस दावे के तहत राज्य की जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती है। इस विवाद के चलते ट्रंप और उनके समर्थकों ने जज बोआस्बर्ग को उनके पद से हटाने (महाभियोग) की मांग की। हालांकि, अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स ने कहा कि किसी फैसले से असहमति का मतलब यह नहीं कि जज को पद से हटाया जाए।

पोलैंड के पूर्व रक्षा मंत्री पर रक्षा योजना उजागर करने का आरोप

पोलैंड। पोलैंड के पूर्व रक्षा मंत्री मारियुज ब्लाश्चाक पर राष्ट्रीय रक्षा योजना के गोपनीय हिस्से का खुलासा करने आरोप लगा है। डोनाल्ड टस्क के नेतृत्व वाली सरकार ने उन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने और राजनीतिक लाभ के लिए सैन्य योजना को उजागर करने का दोषी ठहराया है। उन्होंने 2011 की एक सैन्य योजना सार्वजनिक की थी, जिसमें रूस के हमले की स्थिति में पोलैंड की सेना को विस्तुला नदी तक पीछे हटने की रणनीति बताई गई थी। ब्लाश्चाक ने इन आरोपों को खारिज किया और कहा कि सच को सामने लाना उनका कर्तव्य था। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री टस्क की पिछली सरकार बिना युद्ध लड़े आधे पोलैंड को छोड़ने की योजना बना रही थी।

अमेरिका ने चीनी रिफाइनरी पर लगाया प्रतिबंध, ईरान से तेल खरीदने का आरोप

वाशिंगटन। अमेरिका ने चीन की एक टीपॉट रिफाइनरी पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस रिफाइनरी पर ईरान से लाखों बैरल तेल खरीदने का आरोप है। साथ ही अवैध रूप से तेल का व्यापार करने वाले ईरान के जहाजों के छद्म बेड़े पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। ये प्रतिबंध ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने की कोशिश का हिस्सा हैं। साथ ही ईरान द्वारा आतंकी गुटों को फंडिंग देने से रोकने का प्रयास है। अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने चीन के तेल भंडारण टर्मिनल पर भी प्रतिबंध का एलान किया है। विदेश विभाग ने कहा कि ईरान से तेल खरीदकर इसी तेल भंडारण टर्मिनल में इकट्ठा किया गया है। यह टर्मिनल एक तरह से चीन के बाजार में ईरान के तेल का गेटवे है। चीन, ईरान के तेल के सबसे बड़े खरीददारों में से एक है।

पेंटागन में रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से मिले एलन मस्क

सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख एलन मस्क ने शुक्रवार को पेंटागन में अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से मुलाकात की। इस मुलाकात में दोनों के बीच नवाचार और उन्नत उत्पादन पर चर्चा हुई। पीट हेगसेथ ने एलन मस्क को देशभक्त बताया और कहा कि हम अमेरिकी सेना को दुनिया में सबसे ताकतवर सेना बनाए रखने के लिए समर्पित हैं। मस्क, हेगसेथ के निजी निमंत्रण पर पेंटागन पहुंचे थे और दोनों के बीच सैन्य उद्योग बेस, तकनीक और सैन्य खरीद प्रक्रिया को लेकर बात हुई।

हमास के एक और शीर्ष कमांडर को इस्राइल ने किया ढेर, सैन्य खुफिया विभाग का प्रमुख था ओसामा तबाश

इस्राइल। इस्राइली सेना ने शुक्रवार को दावा किया है कि उन्होंने हमास के सैन्य खुफिया विभाग के प्रमुख को ढेर कर दिया है। इस्राइली सेना ने कहा कि गुरुवार को दक्षिणी गाजा में एक हमले में हमास की सैन्य इकाई के खुफिया विभाग के प्रमुख ओसामा तबाश की मौत हो गई है। तबाश हमास के सर्विलांस और हमलावर यूनिट का प्रमुख था। हालांकि अभी तक हमास की तरफ से इसे लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

जर्मनी, फ्रांस और ब्रिटेन के विदेश मंत्रियों ने शुक्रवार को गाजा में तुरंत युद्धविराम की मांग की। दरअसल इस्राइली सेना ने दूसरे चरण के युद्धविराम समझौते पर सहमति नहीं बनने के बाद गाजा में फिर से हमले शुरू कर दिए हैं। संयुक्त बयान में तीनों देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा कि 'गाजा में इस्राइली हवाई हमलों का फिर शुरू होना, गाजा के लोगों के लिए पीछे जाने वाला कदम है। हमलों में आम नागरिकों की मौत से हम दुखी हैं और मांग करते हैं कि गाजा में तुरंत युद्धविराम लागू किया जाए।'

इस्राइल ने गाजा में फिर से हमले शुरू कर दिए हैं। हवाई हमलों के फिर से शुरू होने से फलस्तीनी निवासियों को फिर से अपने घरों से भागना पड़ा है। ये वो लोग हैं, जिन्होंने तबाह हो चुके इलाके के खंडहरों में फिर से बसना शुरू किया था। शुक्रवार को इस्राइली विमानों ने आवासीय इलाकों में पर्चे गिराए, जिससे लोगों को गाजा के विभिन्न इलाकों जैसे बेत लाहिया, बेत हनौन, गाजा शहर के शेजैया और खान यूनिस के कुछ हिस्सों से बाहर निकलने का आदेश दिया गया।

इस्राइल ने गाजा के हिस्सों को अपना हिस्सा बनाने की धमकी दी

बयान में हमास से बंधकों को रिहा करने की भी अपील की गई है। साथ ही ये भी कहा कि हमास अब गाजा पर शासन न करे और इस्राइल के लिए भविष्य में खतरा भी न बने। बयान में इस्राइल से भी अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करने और गाजा में मानवीय मदद भेजने की मंजूरी देने की अपील की है। यूरोपीय देशों के विदेश मंत्रियों का संयुक्त बयान ऐसे समय आया है, जब शुक्रवार को ही इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने धमकी दी है कि अगर हमास ने बाकी बंधकों को नहीं छोड़ा तो वे गाजा के कुछ हिस्सों को अपने देश में मिला लेंगे।

स्पेस में अतिरिक्त समय रहने के लिए सुनीता-विल्मोर को हर दिन के 5 डॉलर मिलेंगे; ट्रंप जेब से भी देंगे पैसा

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को अंतरिक्ष में अतिरिक्त समय बिताने के एवज में अपनी जेब से भुगतान करने का वादा किया है। ट्रंप का यह बयान तब आया जब फॉक्स न्यूज के पत्रकार पीटर डूसी ने ओवल ऑफिस में बातचीत के दौरान बताया कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को उनके अतिरिक्त समय के लिए प्रति दिन सिर्फ 5 अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया गया। 286 दिनों के लिए यह राशि कुल 1,430 अमेरिकी डॉलर बनती है।

ट्रंप से जब पूछा गया कि प्रशासन उनके लिए क्या कर सकता है, तो ट्रंप ने जवाब दिया, २ठीक है, किसी ने कभी मुझसे इसका उल्लेख नहीं किया। अगर मुझे करना पड़ा, तो मैं इसे अपनी जेब से भुगतान करूंगा।२ ट्रम्प ने इस मौके पर एलन मस्क की भी सराहना की। उन्होंने कहा अगर एलन होते, तो वे (अंतरिक्ष यात्री) बहुत पहले लौट चुके होते। उन्होंने मस्क के विरोधियों की ओर इशारा करते हुए कहा, जो लोग उनके खिलाफ साजिश कर रहे हैं, उन्हें पकड़कर मुकदमे का सामना करना पड़ेगा, और कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

नासा के अंतरिक्ष संचालन मिशन निदेशालय के प्रवक्ता जिमी रसेल के हवाले से बताया गया है कि अंतरिक्ष में रहते हुए, नासा के अंतरिक्ष यात्रियों को संघीय कर्मचारियों के रूप में आधिकारिक यात्रा आदेश मिलते हैं।

दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को उनके अतिरिक्त समय के लिए प्रति दिन सिर्फ 5 अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया गया। 286 दिनों के लिए यह राशि कुल 1,430 अमेरिकी डॉलर बनती है।

उन्होंने आगे बताया कि अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों को कोई ओवरटाइम, छुट्टी या सप्ताहांत का वेतन नहीं मिलता है। रसेल ने कहा कि उनके परिवहन, भोजन और आवास का खर्च वहन किया जाता है, लेकिन उन्हें दैनिक आकस्मिक भत्ता मिलता है, जो कि कार्य यात्राओं पर अन्य संघीय कर्मचारियों की तरह यात्रा व्यय की तरह ही है। रसेल ने कहा कि किसी भी स्थान की यात्रा के लिए आकस्मिक भत्ता प्रति दिन 5 अमेरिकी डॉलर है।

अमेरिका ने अर्जेंटीना के पूर्व राष्ट्रपति पर लगाया यात्रा प्रतिबंध, भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप

वाशिंगटन। अमेरिका के विदेश विभाग ने अर्जेंटीना की पूर्व राष्ट्रपति क्रिस्टीना फर्नांडीज पर पद पर रहते हुए 'बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार' में संलिप्त होने का आरोप लगाते हुए देश में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। विदेश विभाग ने फर्नांडीज के योजना मंत्री जूलियो मिगुएल डी विडो और उनके परिवार के लोगों पर भी यात्रा प्रतिबंध लगा दिया है।

विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि किर्चनर और डी विडो ने २सार्वजनिक निर्माण अनुबंधों से जुड़ी कई योजनाओं में रिश्वतखोरी को अंजाम देकर और उनसे वित्तीय लाभ उठाया। उन्होंने अपने पदों का दुरुपयोग किया, जिसके परिणामस्वरूप अर्जेंटीना सरकार से लाखों डॉलर की चोरी हुई। उन्होंने कहा कि कई अदालतों ने दोनों को भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी ठहराया है। फर्नांडीज हाल के वर्षों में दक्षिण अमेरिकी देश में एक प्रमुख राजनीतिक शख्सियत रहे हैं।

रुबियो ने कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका उन लोगों के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देना जारी रखेगा जो निजी लाभ के लिए सार्वजनिक शक्ति का दुरुपयोग करते हैं। ऐसे कदम वैश्विक भ्रष्टाचार का मुकाबला करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं, जिसमें सरकार के उच्चतम स्तर भी शामिल हैं। नवंबर में अर्जेंटीना के एक न्यायाधिकरण ने फर्नांडीज के खिलाफ छह साल की जेल की सजा और सार्वजनिक पद पर आजीवन प्रतिबंध को बरकरार रखा। पूर्व राष्ट्रपति को 2022 में तीन न्यायाधीशों के पैनल की ओर से एक धोखाधड़ी योजना के लिए दोषी ठहराया गया और सजा सुनाई गई। उनके राष्ट्रपति पद के दौरान सार्वजनिक निर्माण परियोजनाओं के माध्यम से लाखों डॉलर का गबन किया गया था। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति ने फैसले के खिलाफ अपील की लेकिन उच्च न्यायाधिकरण ने मूल फैसले की पुष्टि की। फर्नांडीज ने सभी आरोपों से इनकार किया है और वह जेल में नहीं हैं।

विदेश में सजा काट रहे हैं दस हजार से अधिक भारतीय, इस देश में हैं सबसे अधिक इंडियंस

नई दिल्ली। विदेशी जेलों में दस हजार से अधिक भारतीय बंद हैं और इन कैदियों में से 49 कैदियों को मौत की सजा सुनाई गई है। केंद्र सरकार के मुताबिक दुनिया भर के देशों में सबसे अधिक कैदी सउदी अरब की जेलों में हैं। सभी जेलों में विचाराधीन और दोषी करार दिए गए कुल भारतीयों की संख्या 10152 है। दुनिया के 86 देशों में भारतीय कैदी जेलों के अंदर हैं।

संसद सत्र के पहले चरण से यह आंकड़ा सामने आया है और ये जानकारी केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने दी है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक कतर की जेलों में 611 बंद हैं और फीफा विश्वकप के बाद इनकी संख्या में कोई बढ़ोतरी दर्ज नहीं हुई है।

तय प्रावधान के मुताबिक जैसे ही ऐसी कोई गिरफ्तारी होती है, इसकी जानकारी भारतीय नागरिक काउंसिल को दी जाती है ताकि भारतीय कैदियों के अधिकारों की रक्षा की जा सके। इन्हें भारत सरकार की मदद से कानूनी सहायता भी प्रदान की जाती है। किसी भी कैदी को ऐसी सहायता प्रदान करने के लिए दूतावास की तरफ से कोई भी शुल्क नहीं लिया जाता है ओर ये सभी सुविधाएं निशुल्क प्रदान की जाती हैं।

कानूनी सहायता के अतिरिक्त देश लाए जाने के दौरान इन भारतीय कैदियों को यात्रा दस्तावेज ओर हवाइ टिकट भी दिए जाते हैं। केंद्र सरकार ने यह भी दावा किया है कि इन कैदियों को माफी व सजा में कमी के लिए भी प्रयास किया जाता है। इसके लिए केंद्र सरकार की कई देशों के साथ संधियां भी हैं जो किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए व्यक्ति को जेल सजा काटने के लिए उसके गृह देश में स्थानांतरित करने की अनुमति देती है।

भारतीय नागरिक बड़ी संख्या में विदेशी जेलों में बंद हैं, जिनमें सबसे अधिक 2633 कैदी सऊदी अरब में, 2518 संयुक्त अरब अमीरात में और 1317 नेपाल में कैद हैं। इसके अलावा, चीन, अजरबैजान, इटली, कुवैत, मलेशिया, ओमान, पाकिस्तान, सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका सहित कई अन्य देशों में भी सौ से ज्यादा भारतीय कैदी जेलों में सजा काट रहे हैं।

कैदियों की जानकारी उनकी सहमति पर ही सार्वजनिक होती है

कतर सरकार के हवाले से भारत सरकार ने बताया है कि इन कैदियों की जानकारी तब तक सार्वजनिक नहीं की जाती, तब तक कोई कैदी इस पर अपनी सहमति नहीं दे दे। इसलिए भारत सरकार के पास इन कैदियों का राज्यवार आंकड़ा उपलब्ध नहीं है। मंत्रालय के मुताबिक विदेशों में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण केंद्र सरकार की प्राथमिकता है और ऐसे मामलों में विदेश में स्थिति केंद्र की मदद से सतर्क नजर रखी जाती है।

इस्तांबुल में एर्दोआन के खिलाफ बढ़ा जनाक्रोश, मेयर इमामोग्लू की गिरफ्तारी पर लाखों का प्रदर्शन

तुर्किए। तुर्किए में विपक्षी मेयर एक्रेम इमामोग्लू की गिरफ्तारी के खिलाफ विरोध तेज हो गया है। शुक्रवार देर रात इस्तांबुल में लाखों लोग सड़कों पर उतर आए और राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोआन की चेतावनी को दरकिनार करते हुए जबरदस्त प्रदर्शन किया। यह लगातार तीसरी रात थी जब लोग इमामोग्लू, जो एर्दोआन के सबसे बड़े राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी माने जाते हैं, के समर्थन में एकजुट हुए। माना जा रहा है कि यह तुर्किए में एक दशक से भी अधिक समय में सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन है।

देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान करने वाली सीएचपी के प्रमुख विपक्षी नेता ओजगुर ओजेल ने इस्तांबुल सिटी हॉल के सामने मौजूद विशाल जनसमूह को बताया कि 300,000 लोग२ प्रदर्शन में शामिल हुए हैं। उन्होंने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, यह कोई सीएचपी रैली नहीं है, यहां सभी दलों के लोग हैं और वे मेयर इमामोग्लू के साथ एकजुटता दिखाने और लोकतंत्र के लिए खड़े होने आए हैं। उनके भाषण के दौरान जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका भाषण सुना।

एर्दोआन न्यायपालिका को हथियार के रूप में इस्तेमाल करके इमामोग्लू की बांह मरोड़ने और इस इमारत पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन हम इसे सरकार के नियुक्त ट्रस्टी को नहीं सौंपेंगे! उन्होंने यह बात चिल्लाते हुए कही। एएफपी के दो संवाददाताओं के अनुसार, जब वे बोल रहे थे, उसी समय विरोध प्रदर्शन के दौरान झड़पें शुरू हो गईं। जिसमें दंगा पुलिस ने आंसू गैस और रबर की गोलियां चलाईं, जिनमें से दोनों के पैर में गोली लगी।

एएफपी संवाददाता और विपक्षी दल के हल्क टीवी ने बताया कि अंकारा और पश्चिमी तटीय शहर इजमिर में भी झड़पें हुईं, जहां पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारें और आंसू गैस छोड़ी। इस्तांबुल में प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए, चुप मत रहो, नहीं तो अगली बारी तुम्हारी होगी। प्रदर्शनकारियों ने सूर्यास्त के समय एकत्रित होकर नारे लगाए और हाथों में तख्तियां लहराईं। इन तख्तियों पर लिखा था: डरो मत, लोग यहां हैं! और कानून, अधिकार, न्याय भी।

56 वर्षीय नेक्ला, जो सिर पर स्कार्फ बांधे हुए थीं, ने एएफपी को बताया, २हम जबरदस्ती सड़कों पर नहीं उतरे। हम एर्दोआन की वजह से यहां हैं। उन्होंने कहा, मैं इमामोग्लू के बारे में लगाए गए आरोपों पर विश्वास नहीं करती। उनके जितना ईमानदार कोई आदमी नहीं है।

शुक्रवार के प्रदर्शन के दौरान 97 लोगों को किया गया गिरफ्तार

एक्स पर एक पोस्ट में, आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि शुक्रवार के प्रदर्शनों के दौरान 97 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया। मेयर की गिरफ्तारी ऐसे समय में हुई है जब कुछ ही दिन पहले इमामोग्लू को 2028 के राष्ट्रपति पद की दौड़ में औपचारिक रूप से सीएचपी का उम्मीदवार घोषित किया जाना था। एएफपी की गणना के अनुसार, विरोध प्रदर्शन इस्तांबुल से तेजी से तुर्की के 81 प्रांतों में से कम से कम 40 तक फैल गया। सीएचपी के ओजेल ने देश भर के लोगों से प्रदर्शन करने का आग्रह किया, तो एर्दोआन ने जवाब दिया, तुर्की सड़क पर आतंक के आगे आत्मसमर्पण नहीं करेगा।

शुक्रवार को अधिकारियों ने अंकारा और इजमिर में भी विरोध प्रदर्शनों पर प्रतिबंध लगा दिया। इस्तांबुल रैली से पहले, उन्होंने गलाटा ब्रिज और अतातुर्क ब्रिज सहित सिटी हॉल तक पहुँचने के मुख्य मार्गों को बंद कर दिया। तुर्की मीडिया के अनुसार, गुरुवार को पुलिस ने इस्तांबुल और अंकारा में प्रदर्शनकारियों पर रबर की गोलियां और आंसूगैस चलाईं, जहां कम से कम 88 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया।

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की बैठक आयोजित

सुरेन्द्र चौधरी के सभापतित्व में गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर एवं बागपत के अधिकारी रहे मौजूद

गाजियाबाद, करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की संसदीय अध्ययन समिति की बैठक सुरेन्द्र चौधरी, सभापति, समिति के सभापतित्व में दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर एवं बागपत के अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। सभापति के विकास भवन पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। बैठक से पूर्व अधिकारियों ने समिति सदस्यों को पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत व सम्मान किया।

बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की संसदीय अध्ययन समिति द्वारा वर्तमान सरकार के गठन के पश्चात से अब तक ग्राम्य विकास, नगर विकास, लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, सिंचाई विभाग, प्राविधिक एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, ऊर्जा विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, गृह विभाग, समाज कल्याण विभाग, राजस्व विभाग, आबकारी विभाग, पशुपालन विभाग, गन्ना विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पर्यावरण विभाग सहकारिता विभाग, दुग्ध विकास विभाग, खाद्य एवं रसद, भूतत्व एवं खानिज कर्म, होमगार्ड, कारागार, आयुष विभाग, आयुर्वेद यूनानी होम्योपैथ, पर्यटन विभाग, विद्युत सुरक्षा विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण, व्यापार कर विभाग सांस्कृतिक विभाग के जनप्रतिनिधियों के कितने पत्र प्रत्येक विभागों में प्राप्त हुए तथा उन पत्रों को निस्तारण कब-कब किया गया है, विधान मण्डल सदस्यों को जिला स्तर पर अनुमन्य प्रोटोकॉल की सुविधा उपलब्ध कराये जाने, विधान मण्डल सदस्यों को सुरक्षाकर्मी उपलब्ध कराये जाने के संबंध में विचार विमर्श किया।

बैठक के दौरान गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर एवं बागपत के अधिकारियों ने अवगत कराया कि उनके विभागों के प्राप्त जनप्रतिनिधियों, सदस्यों के पत्रों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के सम्बंध में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की गयी। प्राप्त पत्रों में अधिकांश पत्रों को निस्तारण कर सम्बंधित प्रतिनिधि को अवगत करा दिया गया। शेष पत्र जिनका विभागीय स्तर पर निस्तारण कर पाना सम्भव नहीं था, उन्हें निस्तारण हेतु उच्चाधिकारी को प्रेषित कर दिये गये हैं और सम्बंधित प्रतिनिधियों को अवगत करा दिया।

प्राथमिकता के आधार पर किया जाए समस्याओं का निस्तारण : सुरेन्द्र चौधरी

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को लाभ जन-जन तक पहुंचाया जाए : सुरेन्द्र चौधरी

करंट क्राइम। समिति सभापति सुरेन्द्र चौधरी ने बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपने सीएचसी व पीएचसी सेन्टरों का निरीक्षण करते हुए जांच करें कि वहां मरीजों को स्वास्थ्य सम्बंधी सुविधाओं में कोई समस्या तो नहीं है, साथ ही दवाईयों के सम्बंधित सूची चस्पां होनी अनिवार्य है। यदि सूची चस्पां नहीं है तो उसे चस्पां कराया जाए। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व से सम्बंधित मामलों को गम्भीरता से लिया जाए, जिससे की आम जन का शोषण ना होने पाए। उन्होंने पशुपालन अधिकारी को निर्देशित किया कि निराश्रित गौवंशों का संरक्षण व सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि समय-समय पर विद्यालयों की जांच कर विद्यार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं की गुणवत्ता परखी जाए। विद्यार्थियों को योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभ उन तक शत-प्रतिशत पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने दुग्ध विकास एवं खाद्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्यौहारों एवं पर्वों पर ही नहीं, अपितु समय-समय पर खाद्यय पदार्थों की जांच की जाए, किसी भी परिस्थिति में उपभोक्ताओं को मिलावटी भोज्य पदार्थ का उपभोग ना करना पड़े, इसका ध्यान रखा जाएं।

समयानुसार विशेष जागरूकता अभियान चलाकर योजनाओं का करें प्रचार-प्रसार : सभापति, समिति

करंट क्राइम। समिति सभापति सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को शत-प्रतिशत धरातल पर उतारा जाए। इसके लिए समय-समय पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए और जन-जन तक योजना का प्रचार करते हुए अंतिम पात्र व्यक्ति तक लाभ पहुंचाया जाये। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि आम जन के प्रति संवेदनशीलता का व्यवहार रखते हुए कार्य करें। समिति सभापति ने सभी विभागों द्वारा किये गये कार्यों की प्रशंसा की।

बैठक में मुख्य रूप से समिति से हंसराज विश्वकर्मा, श्रीचन्द शर्मा, विकास यादव, सौरभ दीक्षित, अभय सिंह, विकास यादव व गाजियाबाद प्रशासन से जिलाधिकारी दीपक मीणा, डीएफओ ईशा तिवारी, एडीएम ई रणविजय सिंह, जीडीए वीसी राजेश सिंह, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, एडीए एफ/आर सौरभ भट्ट, एडीएम सिटी गम्भीर सिंह, अपर नगर आयुक्त अरूण कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट संतोष कुमार उपाध्याय सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। गौतम बुद्ध नगर से जिलाधिकारी मनीष कुमार, सचिव विकास प्राधिकरण, एडीएम सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं बागपत से एडीएम एफ, डीएफओ, सीएमओ सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

पूर्व पार्षद प्रदीप चौहान ने किया प्रमुख सचिव नगर विकास का अभिनंदन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम दिया ज्ञापन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर निगम गाजियाबाद में मौजूद रहे उत्तर प्रदेश सरकार नगर विकास अनुभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात का समस्त कर्मचारियों की तरफ से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद प्रदीप चौहान ने उन्हें ज्ञापन देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट किया। 2025 में मुख्यमंत्री ने जिस तरह से दलित समाज और वाल्मीकि समाज को कई बड़ी योजना देकर सम्मान दिया है वह काबिलेतारीफ है। इस अवसर पर प्रदीप चौहान ने अमृत अभिजात से अनुरोध किया कि उत्तर प्रदेश के वाल्मीकि समाज की तरफ से अभिनंदन स्वीकार करें। मुख्यमंत्री द्वारा आयुष्मान कार्ड की योजना सफाई कर्मचारियों को दी गई। अप्रैल से 1 45 000 कर्मचारियों का वेतन 12000 से 18000 से 20000 किए जाने का धन्यवाद।

उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जिले में छात्रावास बनाए जाने का स्वागत जिससे वाल्मीकि समाज और दलित समाज के बच्चों को उचित शिक्षा और बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त होगा। महाकुंभ के दौरान कार्य कर रहे सफाई कर्मचारियों को 10000 प्रति कर्मचारी के हिसाब से बोनस यह एक बेमिसाल कार्य था। मुख्यमंत्री का इन सभी बिंदुओं पर आपके माध्यम से हार्दिक आभार और अभिनंदन ज्ञापित करते हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी गाजियाबाद सीडीओ गाजियाबाद वीसी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण नगर निगम के अधिकारी जिला प्रशासन के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

विश्व उपभोक्ता दिवस पर एक दिवसीय मानक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भारतीय मानक ब्यूरो की गाज़ियाबाद शाखा द्वारा विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अंतर्गत एक दिवसीय मानक महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को होटल एस के क्लाइड ग्रैंड महाराजपुर, साहिबाबाद में किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि भरत खेड़ा, अतिरिक्त सचिव, उपभोक्ता मामले, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि डॉ. मंजू शिवाच, विधायक, मोदीनगर, अनीता राजपूत, पूर्व विधायक डिबाई कुमार अनिमेष निदेशक गाज़ियाबाद शाखा, के द्वारा सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात स्वागत सम्बोधन कुमार अनिमेष निदेशक गाज़ियाबाद शाखा के द्वारा किया गया तथा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से भारतीय मानक ब्यूरो के कार्यों एवं गतिविधियों से अवगत कराया, जिससे मानकीकरण, गुणवत्ता नियंत्रण एवं उपभोक्ता जागरूकता को बढ़ावा दिया जा सके।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को किया गया सम्मानित

करंट क्राइम। मुख्य अतिथि भरत खेड़ा, अतिरिक्त सचिव, उपभोक्ता मामले, भारत सरकार, द्वारा सभा को सम्बोधित किया गया इसके उपरांत विशिष्ट अतिथियों डॉ. मंजू शिवाच, विधायक, मोदीनगर, अनीता राजपूत, पूर्व विधायक डिबाई के द्वारा भी सभा को सम्बोधित किया गया। कार्यक्रम में स्टैंडर्ड क्लब के बच्चों के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सांस्कृतिक नृत्य, नुक्कड़ नाटक, वाद विवाद प्रत्योगिता का भी मंचन किया गया क रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा स्टाल के माध्यम से भी उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। इसके उपरांत कुमार अनिमेष निदेशक गाज़ियाबाद शाखा के द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में प्रश्नोत्तरी का किया गया आयोजन

करंट क्राइम। कार्यक्रम के दूसरे भाग में इंडस्ट्री से आये लोगों ने उपभोक्ताओं के द्वारा पूछे गये विभिन्न सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम के इस भाग में भी नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इसके उपरांत भारतीय मानक ब्यूरो की गाज़ियाबाद शाखा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ज़िलों में स्तिथ स्टैण्डर्ड क्लब से जुड़े प्रधानाचार्यों/मेंटोर्स को कुमार अनिमेष निदेशक गाज़ियाबाद शाखा के द्वारा सम्मानित किया गया और कार्यक्रम में विभिन्न ज़िलों आये सभी लोगों का धन्यवाद किया गया। इसके उपरांत विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अंतर्गत सभी ज़िलों में होने वाले 'क्वालिटी कनेक्ट' प्रोग्राम के प्रशिक्षण का भी आयोजन किया गया।

विश्व जल दिवस पर 'जल संरक्षण और प्रबंधन अभियान' का आरंभ

22 मार्च को आरंभ और 5 जून पर्यावरण दिवस पर होगा अंत

गाजियाबाद, करंट क्राइम। जल दिवस पर सेंटर फॉर वॉटर पीस का स्थापना दिवस होता है। इस दिवस को सेंटर फॉर वॉटर पीस डायरेक्ट एक्शन का आरंभ करके मनाना चाहता है। क्योंकि सेंटर फॉर वाटर पीस का मानना है कि नागरिकों का पर्यावरण प्रबंधन में सशक्त हस्तक्षेप लोकतंत्र में परम आवश्यक है। अपने विधायक से जनता अपने पानी के विषय में सीधा प्रश्न करना चाहती है, जिसे उसने वोट किया है और विधायक सदन तक पहुंचा है। पत्र लिखकर जनता विधायक से जवाबदेही की मांग करती है। यह एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है जिसमें जनता अपने प्रतिनिधियों से उनके कार्यों और योजनाओं की जानकारी मांग सकती है। सामुदायिक जागरूकता और सहभागिता पत्र लिखने की प्रक्रिया से स्थानीय समुदाय में जल संरक्षण और प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ती है। यह प्रक्रिया समुदाय को सक्रिय रूप से समस्या के

समाधान में शामिल करती है और सरकारी प्रयासों को मजबूत करती है।

इस अभियान को मार्च 22 तारीख से आरंभ करके इसका अंत 5 जून पर्यावरण दिवस पर किया जाएगा। यह अभियान चेन्नई, पुणे, प्रयागराज, काशी, गाज़ियाबाद, सहारानपुर, नोएडा, लखनऊ, अलीगढ़ और शामली में 22 मार्च को आरम्भ किया जाएगा। अभियान का उद्घाटन सेंटर फॉर वॉटर पीस के अध्यक्ष संजय कश्यप गाजियाबाद से करेंगे। इस दिन

चेन्नई में प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. नंदगोपाल नारायण स्वामी, पुणे में प्रसिद्ध समाजसेवी भविषा का प्रयागराज में समाज सेवी उदित नारायण शुक्ला, अलीगढ़ में उड़ान संस्थान के ज्ञानेंद्र, लखनऊ में अनामिका राय चौधरी, काशी में प्रसिद्ध पर्यावरणविद कपिलेंद्र तिवारी, नोएडा में ग्रीन इंडिया के स्वदेश कुमार, शामली में पत्रकार कमल शर्मा, सहारनपुर में गौ सेवा समिति के सुनील गुप्ता भी एक साथ कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे।

22 मार्च को यह कार्यक्रम इन सभी शहरों में प्रत्यक्ष तथा गूगल फॉर्म के द्वारा विधानसभा में रहने वाले प्रमुख नागरिकों से उनके पानी से संबंधित प्रश्नों को लिखित में सेंटर फॉर वॉटर पीस को देने की प्रार्थना की जाएगी। प्रश्नों के साथ अगर उनके पास इसके समाधान है तो वह भी अंकित किए जाएंगे। 25 अप्रैल को यह सारे प्रश्न और उनके समाधान को एकत्र करके माननीय विधायक को यह एक ज्ञापन के रूप में 5 अप्रैल पर्यावरण दिवस पर जनता के द्वारा सेंटर फॉर वॉटर पीस के नेतृत्व में प्रदान किया जाएगा। यह ज्ञापन विधायक जी के लिए मात्र सूचना होगी इसमें अंकित प्रश्नों के हल उनको ढूंढने की प्रार्थना की जाएगी।

मुखबिर की सूचना पर शादी का झांसा देने वाला दुष्कर्मी गिरफ्तार

लोनी (करंट क्राइम)। टीला मोड़ थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले दुष्कर्मी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सलौनी अग्रवाल ने बताया कि टीला मोड़ इलाके की एक कॉलोनी की रहने वाली युवती ने 20 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिसमें उल्लेख किया गया है कि नौयड़ा का रहने वाला गौरव युवती से किसी तरह सपंर्क में आ गया और बात शादी तक आ गई गौरव ने युवती को शादी का झांसा दिया और लगातार दुष्कर्म करता रहा। पुलिस ने गौरव को मुखबिर की सूचना पर बेटी बचाओ बेटी पढाओ के कार्यालय के पास से गिरफ्तार कर लिया तथा जेल भेजा दिया है।

स्वागत

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता तथा विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजू पांचाल के निवास पर एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा पहुंचे। उनके साथ वाराणसी के भाजपा जिलाध्यक्ष भी मौजूद थे। इस अवसर पर पांचाल समाज के प्रबुद्ध व्यक्तियों ने राजू पांचाल के नेतृत्व में विधायक हंसराज विश्वकर्मा का स्वागत किया। इस दौरान राजू पांचाल ने कहा कि विश्वकर्मा समाज हमेशा से मानव उत्थान के लिए काम करता रहा है। हमें इस बात का गर्व है कि हमारे विधायक हंसराज विश्वकर्मा हमेशा से समाज को एक नई दिशा देने का काम करते आये हैं।

रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का डीआरएम ने किया निरीक्षण

मोदीनगर (करंट क्राइम)। अमृत महोत्सव योजना के तहत मोदीनगर रेलवे स्टेशन के चल रहे सौंदर्यकरण के तहत निर्माण कार्यों का दिल्ली डिवीजन के डीआरएम पुष्पेश आर त्रिपाठी ने टीम के साथ निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने स्टेशन के सौंदर्यकरण के तहत हो रहे निर्माण कार्य को बेहतर तरीके से करने को कहा, साथ ही वहां निर्माण कार्य की देख-रेख कर रहे मौजूद अभियंताओं से निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि यात्रियों को स्टेशन में हर तरह की सुविधा मिले, आवागमन में यात्रियों को कोई परेशानी ना हो। अमृत महोत्सव रेलवे स्टेशन सौंदर्यीकरण योजना के तहत 25

करोड़ खर्च कर मोदीनगर रेलवे स्टेशन के हो रहे निर्माण कार्यों को लेकर नवनियक्त रेलवे के डीआरएम पुष्पेंश आर त्रिपाठी टीम के साथ निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने पहले प्लेटफार्म नंबर वन पर हो रहे कार्यों को बारीकी से देखा ओर शौचालय की साफ सफाई व्यवस्था बेहतर बनाये रखने को कहा। हर कार्य को बड़ी बारीकी के साथ देखा। इस मौके पर स्टेशन पर प्रतीक्षालय, विश्रामालय, खान-पान के स्टॉल, शौचालय, आरक्षण केन्द्रों व टिकट काउंटर्स को लेकर स्टेशन अधीक्षक शिवकुमार से फीडबैक भी लिया। उन्होंने मातहतों को स्टेशनों पर यात्रियों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश दिए।

शिकायत से क्षुब्ध दबंगों ने फसल में लगायी आग

मोदीनगर (करंट क्राइम)। दबंगो ने पुलिस में शिकायत करने पर एक किसान की चार बीघा फसल में आग लगा दी। यह देख जब किसान ने विरोध किया तो टैक्ट्रर की टक्कर मारकर उसे बेहोश कर दिया। पुलिस ने इस मामले में घायल युवक के भाई की ओर से आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं। गांव दौसा बंजारपुर निवासी दीपक का भाई मनीष जब अपने खेत पर काम करने पहुंचा तो उसने देखा कि उसके खेत में आग लगायी जा रही है। आग पडोस में स्थित खेत मालिक नितिन उर्फ काले पक्ष की ओर से लगायी जा रही थी, आग देख जब मनीष ने इसका विरोध किया तो नितिन व उसके साथी अंकित के साथ मारपीट कर दी ओर टैक्ट्रर दौडाकर उसके पीछे भागकर टक्कर मारकर घायल कर दिया। जिससे वह बेहोश होकर गिर पडा। यह जानकारी जब परिजनों को पता चली तो वह घटना स्थल पर दौडे तो आरोपियों ने कहा कि पुलिस से शिकायत की थी।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मीरा सिंह ने बेहद नपे-तुले लेकिन गहरे शब्दों के साथ एक कामकाजी स्त्री की स्थिति को व्यक्त किया। उन्होंने एक स्त्री की स्थिति को बताते हुए लिखा कि कैसी होती होगी दिनचर्या उसकी जो रोटी बनाने के बाद रोटी कमाने जाती होगी। मीरा सिंह की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम ऑफ द डे।

ॐ शान्ति || शोक सन्देश || ॐ शान्ति

आदरणीय स्वजनों,

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी परम पूजनीय माता जी **श्रीमती जगबीरी देवी जी** (धर्मपत्नी स्व. श्री जयराम सिंह) का स्वर्गवास शुक्रवार, दिनांक 14 मार्च, 2025 को हो गया था। अत: दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु कार्यक्रम इस प्रकार से निश्चित किया है।

रविवार, दिनांक 23 मार्च, 2025

हवन ..... 09:00 बजे प्रात:
ब्रह्मभोज ..... 11:00 बजे दोपहर

कार्यक्रम स्थल : **समुदाय भवन**, नियर EDM मॉल, भोवापुर कौशाम्बी, गाजियाबाद

शोकाकुल परिवार

चौ. अतर सिंह, पूर्व पार्षद (भतीजा)	मो. : 9350104136
चौ. रामवीर (पुत्र), चौ. श्यामवीर (पुत्र)	9350252678, 7838733326
चौ. सचिन डेढ़ा (पौत्र) : महानगर अध्यक्ष, युवा मोर्चा भाजपा	9958778270